33.	गुवाहटी	34.	गाजियाबाद	35.	गोवा	36.	गुड़गांव
37.	ग्वालियर	38.	हिसार	39.	हुबली	40.	हैदराबाद
41.	इन्दौर	42.	जबलपुर	43.	जयपुर	44.	जलंधर
45.	जलगांव	46.	जम्मू	47.	जामनगर	48.	जमशेदपुर
49.	जोधपुर	50.	कानपुर	51.	कोल्हापुर	52.	कोलकाता
53.	कोटा	54.	कोटटायाम	55.	लखनऊ	56.	लुधियाना
57.	मदुरई	58.	मंगलौर	59.	मथुरा	60.	मेरठ
61.	मुरादाबाद	62.	मुम्बई	63.	मुज्जफ्फरनगर	64.	मैसूर
65.	नागपुर	66.	नासिक	67.	नौएडा	68.	पालघाट
69.	पानीपत	70.	पटियाला	71.	पटना	72.	पूना
73.	रायपुर	74.	राजकोट	75.	रांची	76.	रोहतक
77.	सहारनपुर	78.	सेलम	79.	सांगली	80.	शिमला
81.	सिलिगुड़ी	82.	शोलापुर	83.	सूरत	84.	थाने
85.	तिरूचिरापल्ली	86.	त्रिचुर	87.	त्रिवेन्द्रम	88.	उदयपुर
89.	उडुपी	90.	उज्जैन	91.	वाराणसी	92.	विजयवाड़ा
93.	विशाखापटनम	94.	यमुनानगर				

(2) <u>विदेशों में परीक्षा केन्द्र</u>:– (केवल व्यवसायिक परीक्षा–प्रथम, व्यवसायिक परीक्षा–द्वितीय एवं फाइनल परीक्षाओं के लिये)

01. दुबई (यू0ए0ई0)
02. काठमांडू (नेपाल)

परीक्षा शुल्क की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा इंस्टीटयूट के "सचिव" के पक्ष में होनी चाहिए और उसकी अदायगी नई दिल्ली पर हो।

परिषद अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षाकेन्द्र को किसी भी समय बिना कोई कारण दिए रद्द कर सकती है।

व्यवसायिक परीक्षा–प्रथम, व्यवसायिक परीक्षा–द्वितीय एवं फाइनल परीक्षाओं के लिये आवदेन पत्रों, जो 06 अगस्त, 2004 से उपलब्ध होगें, पर ही किया जाना चाहिए जो कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ऑफ इण्डिया के संयुक्त सचिव (परीक्षा) के इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली स्थित कार्यालय से 60/–रूपये प्रति आवदेन पत्र भुगतान करने पर मिल सकता है। साथ ही मैनेजमैंट एकाउंटेन्सी पाठ्यक्रम (भाग–प्रथम), और इन्सोरेन्स एवं रिस्क मैनेजमैंट परीक्षाओं के लिये आवेदन पत्र जो कि 06 अगस्त 2004 से उपलब्ध होगें, पर ही किया जाना चाहिए, जो कि इंस्टीट्टयूट आफ चार्टर्डेड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया के संयुक्त सचिव (परीक्षा) के इन्द्रप्रस्थ मार्ग नई दिल्ली स्थित कार्यालय से 25/– रूपये प्रति आवेदन पत्र भुगतान करने पर मिल सकता है। आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के रीजनल और ब्रांचों के कार्यालयों में भी उपलब्ध हैं और नकद भुगतान करने पर 06 अगस्त, 2004 से प्राप्त किये जा सकते हैं।

उपयुक्त प्रमाण पत्रों और शुल्क के साथ डिमांड ड्राफ्ट लगाकर आवेदन पत्र इस प्रकार भेजा जाना चाहिए कि वह संयुक्त सचिव (परीक्षा) के कार्यालय में 27.08.2004 तक पहुँच जाय। आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के दिल्ली कार्यालय में 27.08.2004 के बाद 03.09.2004 तक 200/–रूपये विलम्ब शुल्क के साथ भी स्वीकार किये जायेगें। 03.09.2004 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। विद्यार्थियों की परीक्षाओं के आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के कार्यालय नई दिल्ली में स्वयं भी आकर दिया जा सकता है, या इंस्टीट्यूट के विकेन्द्रित कार्यालयों मुम्बई, कोलकता, चैन्नई, कानपुर, अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद, जयपुर एवं पूना में 27.08.2004 तक जमा कराया जा सकता हैं।

जबकि इंस्टीट्यूट के सदस्यों की परीक्षाओं– मैनेजमैंट एकाउंटेन्सी पाठ्यक्रम (भाग–प्रथम), और इन्सोरेन्स एवं रिस्क मैनेजमैंट परीक्षाओं के आवेदन पत्र केवल इंस्टीट्यूट के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में ही जमा कराये जा सकते हैं।

इन नगरों में रहने वाले परीक्षार्थियों को इस सुविधा का फायदा उठाने की सलाह दी जाती है।

विभिन्न परीक्षाओं के लिए देय परीक्षा शुल्क इस प्रकार है:–

व्यवसायिक शिक्षा–प्रथम परीक्षा – शुल्क	1000/– रूपये
व्यवसायिक शिक्षा–द्वितीय परीक्षा – शुल्क	
दोनों ग्रुपों के लिए	1250/– रूपये
केवल एक ग्रुप के लिए	750/– रूपये
फाईनल परीक्षा –शुल्क	
दोनों ग्रुपों के लिए	1750/– रूपये
केवल एक ग्रुप के लिए	1000/– रूपये
मैनेजमैन्ट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम (भाग–प्रथम), परीक्षा :– –शुल्क	
दोनों ग्रुपों के लिए	400/– रूपये
केवल एक ग्रुप के लिए	200/– रूपये
इनस्यूरेन्स एवं रिस्क मैनेजमैन्ट (आई.आर.एम.) परीक्षा:– शुल्क	1000/– रूपये

दुबई केन्द्र से बैठने वाले व्यवसायिक शिक्षा–प्रथम, व्यवसायिक शिक्षा–द्वितीय और फाईनल के परीक्षार्थियों को अमेरिकन डालर $ 200/–,250/– एवं 300/– क्रमश., या उसके सममूल्य की भारतीय मुद्रा में परीक्षा शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक ग्रुप या दोनों ग्रुपों में बैठ रहे हों।

काठमांडू केन्द्र से बैठने वाले व्यवसायिक शिक्षा–प्रथम, व्यवसायिक शिक्षा–द्वितीय और फाईनल के परीक्षार्थियों को भारतीय रूपये 1500/–,1750/– एवं 2250/– क्रमशः या उसके सममूल्य की विदेशी मुद्रा में परीक्षा शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक ग्रुप या दोनों ग्रुपों में बैठ रहे हों।

हिन्दी में उत्तर लिखने की एच्छिकता

व्यवसायिक शिक्षा–प्रथम, व्यवसायिक शिक्षा–द्वितीय और फाईनल परीक्षाओं के उम्मीदवारों को उत्तर हिन्दी माध्यम से भी देने की सुविधा दी जाती हैं। विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र के साथ संलग्न सूचना पत्र में उपलब्ध हैं।

मैनेजमैंट एकाउन्टेसी पाठ्यक्रम (भाग–प्रथम) और इनस्यूरेन्स एवं रिस्क मैनेजमैंट परीक्षाओं के उम्मीदवारों को केवल उत्तर अंग्रेजी में ही लिखना है ।

जी सोमाशेखर

(जी0 सोमाशेखर)
सयुंक्त सचिव (परीक्षा)सी0सी0

पंजाब यूनिवर्सिटी

अधिसूचना क्रमांक 6-2004/जी. आर.

केन्द्र सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सेकन्ड्री एवं उच्चतर शिक्षा विभाग, नई दिल्ली ने अपने पत्रांक एफ. 2-8/2000-डेस्क यू-I, दिनांक 17.7.2003 द्वारा निम्नलिखित विनियमों को मंजूरी दे दी है :

1. भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में पं.यू. कैलेन्डर, भाग II, 2000 के पृष्ठ 422-423 पर डॉक्टर ऑफ मेडिसन (एम.डी.) के लिए 4.1 और 4.2 विनियमों और पृष्ठ 434-35 पर मास्टर ऑफ सर्जरी(एम.एस.) के लिए विनियमों का विलोपन (1999-2000 शैक्षिक वर्ष से लागू)

4.1 परीक्षा के लिए विषयों के निम्नांकित विभिन्न समूह होंगे :

समूह (क) (क्लिनिकल विषय)

समूह (ख) (मूल विषय)

1.अनाटोमि

2.फीज़ियालोजी

3.फार्माकालोजी

4.पेथालोजी

5.माइक्रोबायलोज़ी

6.बायोकेमिस्ट्री

7.बायोफिज़िक्स

4.2 प्रत्येक विषय में चार पेपरों के नाम निम्नलिखित होंगे :

समूह-ख (मूल विषय)

पहला पेपर	सर्जरी जैसा कि इसका अनाटोमी पर प्रयोग होता है
दूसरा पेपर	ग्रास ह्यूमन अनाटोमी जिसमें रेडियालोजिकल और फोरेन्ज़िक अनाटोमी सम्मिलित हैं
तीसरा पेपर	एम्ब्रियालोजी माइक्रोस्कोपिक अनाटोमी
चौथा पेपर	प्रयोगात्मक अनाटोमी

4.1 परीक्षा के लिए विषयों के विभिन्न समूह निम्नलिखित होंगे:

समूह (क) (क्लिनिकल विषय)

समूह (ख) (नॉन–क्लिनिकल विषय)

4.2 प्रत्येक विषय में चार पेपरों के निम्नांकित नाम होंगे:

समूह (क) (क्लिनिकल विषय)

2. भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में जुयालोजी के विषय में एम.एस–सी. (आनर्ज़ स्कूल) के लिए सिमेस्टर सिस्टम अपनाना (शैक्षिक वर्ष 2001–2002 के दाखिलों से लागू)

3. भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में बॉटनी के विषय में एम.एस–सी. (आनर्ज़ स्कूल) के लिए सिमेस्टर सिस्टम अपनाना (2001–2002 के दाखिलों से लागू)

---

4. भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में बी.सी.ए. (आनर्ज) परीक्षा के लिए विनियम (2001 के दाखिलों से लागू)

1. बेचुलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन(आनर्ज) एक वर्ष का कोर्स होगा । परीक्षा पद्धति वार्षिक होगी ।

1.2 एक यूनिट 30 अथवा सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निर्धारित विद्यार्थियों का होगा । एक कालेज को साधारणतया एक यूनिट दिया जाएगा ।

1.3 दाखिला फार्म और देरी फीस सहित और बिना फीस लेने की समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निश्चित तिथि को सम्बद्ध कालेजों को अधिसूचित किया जाएगा ।

2. जिस व्यक्ति ने पंजाब यूनिवर्सिटी अथवा इसके समान सिंडिकेट द्वारा मान्यताप्राप्त किसी अन्य यूनिवर्सिटी से बी.सी.ए. की परीक्षा पास की है, वह बी.सी.ए. (आनर्ज़) कोर्स में दाखिला लेने के योग्य होगा ।

2.1 बी.सी.ए.(आनर्ज़) की परीक्षा वही विद्यार्थी दे सकेगा जिसने अपना नाम उस कालेज के प्रिंसिपल द्वारा परीक्षा कंट्रोलर को भिजवा दिया है जहाँ उसने हाल ही में पढ़ाई की है और प्रिंसिपल ने प्रमाणित किया हो कि परीक्षार्थी

(i) परीक्षा से पहले शैक्षिक वर्षों में संबद्ध कालेज में उपस्थित रहा है; और

(ii) वह पूरे कोर्स में प्रत्येक विषय में उसकी कक्षा को अलग अलग तौर पर दिए गए लेक्चरों और करवाए प्रेक्टिकलों के पूरे कोर्स में से कम से कम 75% में उपस्थित रहा है (कोर्स की अवधि को उस अंतिम दिन तक गिना जाएगा जब कक्षाएँ तैयारी के लिए दी गई छुट्टियों में छोड़ दी जाती हैं),

3. कालेज का प्रिंसिपल प्रत्येक विषय में अलग अलग दिए कुल लेक्चरों के 10% तक की न्यूनता को माफ कर सकता है।

4. प्रत्येक परीक्षार्थी की फेकल्टी द्वारा समय समय पर निर्धारित परीक्षा के प्रचलित पाठ्यक्रम, पाठ्यविवरण, रूपरेखा और योजना के अनुसार विषयों में परीक्षा ली जाएगी ।

6. परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा ।

7.1 प्रत्येक परीक्षा पास करने के लिए प्रत्येक पेपर में से कम से कम 40% अंक लेने होंगे ।

7.2 जो परीक्षार्थी सभी विषयों के कुल अंकों का 40 प्रतिशत प्राप्त करता है और केवल एक विषय में 20 प्रतिशत अंक लेकर फेल हो जाता है, उसे उस विषय में अगली दो लगातार परीक्षाएँ देने की अनुमति होगी (एक सितंबर/अक्तूबर में केवल कंपार्टमेंट केसों के लिए और दूसरी वार्षिक परीक्षा के रूप में अप्रेल/मई के महीने में) और यदि इन परीक्षाओं में से किसी में भी पास हो जाता है, उसे परीक्षा में पास हुआ समझा जाएगा ।

7.3 जो परीक्षार्थी इस विनियम के अंतर्गत अनूपूरक अथवा वार्षिक परीक्षा में कंपार्टमेंट विषय की परीक्षा देता है,

(क) उसे पूरी परीक्षा जितनी परीक्षा फीस देनी होगी; और

(ख) वह वज़ीफा, पुरस्कार अथवा तमगा प्राप्त करने के योग्य नहीं होगा ।

8. प्रत्येक परीक्षार्थी अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट संबद्ध कालेज के प्रिंसिपल को प्रस्तुत करेगा ।

9. परीक्षार्थी की प्रोजेक्ट रिपोर्ट की जाँच यूनिवर्सिटी द्वारा नियुक्त बाहरी परीक्षक करेगा ।

10. जिस विद्यार्थी ने परीक्षा के लिए शिक्षा का निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा कर लिया हो परन्तु परीक्षा न दे सका हो अथवा परीक्षा देकर फेल हो गया हो, उसे कालेज के प्रिंसिपल की सिफारिश पर अगली वार्षिक परीक्षा में शिक्षा के नए सिरे से कोर्स में उपस्थित होने के बिना लेट कालेज विद्यार्थी के तौर पर दाखिला देने की अनुमति दी जा सकती है । परीक्षा में दूसरी बार फेल होने अथवा परीक्षा में न बैठने की सूरत में उसे कोर्स में उपस्थित होने के बिना परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी । यदि वह तीसरी बार भी फेल हो जाता है, उसे दोबारा लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में अगली वार्षिक परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकती है । परन्तु यदि वह पहले वर्ष की

परीक्षा में चौथी बार भी फेल हो जाता है, उसके बाद उसे न तो लेट कालेज विधार्थी के तौर पर और न ही कालेज विद्यार्थी के रूप में उस परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी बशर्तेकि इससे कंपार्टमेंट विनियम के अंतर्गत एक विषय में री-अपियर होने का परीक्षार्थी का अधिकार प्रभावित नहीं होगा ।

11. परीक्षा के प्रत्येक भाग के लिए परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली फीस वही होगी जिसे सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निर्धारित किया जाएगा ।

12. परीक्षा समाप्त होने के छः सप्ताह पश्चात अथवा जितनी जल्दी संभव हो, परीक्षा-कंट्रोलर सफल परीक्षार्थियों की सूची को प्रकाशित करेगा । परीक्षा में सफल प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा ।

13. सफल परीक्षार्थियों का वर्गीकरण बी.सी.ए.(आनर्ज़) परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर किया जाएगाः

(क) कुल अंकों में से 75% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी ...वैशिष्टय सहित पहली श्रेणी

(ख) कुल अंकों में से 60% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी ...पहली श्रेणी

(ग) कुल अंकों में से 50% या अधिक परन्तु 60% से कम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी ...दूसरी श्रेणी

14. किसी कालेज/संस्था को यह पाठ्यक्रम प्रस्तुत करने की अनुमति तभी दी जाएगी यदि वह संबंधित फेकल्टी द्वारा निर्धारित और सिंडिकेट द्वारा विधिवत ढंग से अनुमोदित आधारिक संरचना और स्टाफ की शर्तों को पूरा करता हो।

---

5. पं.यू. कैलेन्डर, भाग II के पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन्ज़ परीक्षाओं के लिए विनियम 2(i) (भारत सरकार की अनुमति/भारत सरकार की गजट में प्रकाशन की मंजूरी की प्रत्याशा में 2001 के दाखिलों से लागू)

2. इस कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता होगी:

(i) परीक्षाओं के 10+2+3 सिस्टम के अंतर्गत पंजाब यूनिवर्सिटी की बेचुलर की डिग्री जिसमें किसी भी विषय में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।

(ii) बी.ई./बी.टेक

(iii) सिंडिकेट द्वारा ऊपर (i) के बराबर मान्यताप्राप्त कोई अन्य परीक्षा ।

6. पं.यू.कैलेन्डर, भाग II के एम.एफ.सी. परीक्षा में निष्पादन में सुधार करने के लिए विनियम 11 की वृद्धि ।

11.1 जिस परीक्षार्थी ने पंजाब यूनिवर्सिटी से एम.एफ.सी. की डिग्री प्रदान करने की योग्यता प्राप्त कर ली है, उसे प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में उस पेपर/उन पेपरों में पहले निष्पादन में सुधार करने की अनुमति दी जा सकती है जिन में वह सुधार करना चाहता हो । इस मतलब के लिए उसे एम.एफ.सी. परीक्षा पास करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि में रि-अपियर के लिए दो अवसर दिए जा सकते हैं । परीक्षार्थी से निर्धारित फीस ली जाएगी । नियतकार्य, शोध निबन्ध/शोध प्रबन्ध और मौखिक परीक्षा में सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

11.2 इस विनियम के अधीन जिस व्यक्ति को एम.एफ.सी. परीक्षा में रि-अपियर होने की अनुमति दे दी जाती है, वह भाग-I और भाग-II परीक्षाओं में एक साथ, अथवा भाग-I अथवा भाग-II अथवा दोनों भागों में अलग अलग रि-अपियर हो सकता है ।

11.3 भाग-I अथवा भाग-II में पहले प्राप्त अंकों को, पहले निष्पादन में सुधार लाने के उद्देश्य से आगे लै जाया जा सकता है और दूसरे भाग के साथ जोड़ा जा सकता है ।

11.4 जो व्यक्ति दोनों भागों में अलग अलग तौर पर परीक्षा देनी चाहता है और उसे प्रतीत होता है कि उसने एक भाग के अंकों से अपने पहले

निष्पादन को सुधार लिया है, उसे दूसरे भाग में बैठने की जरूरत नहीं होगी ।

11.5 परीक्षार्थी का परिणाम केवल तभी घोषित किया जाएगा यदि वह अपने निष्पादन को सुधार लेता है।

बशर्तेकि ऐसा व्यक्ति परीक्षा में प्रथम आने के लिए किसी तमगा/पुरस्कार के लिए योग्य नहीं होगा।

7.6 भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गजट में प्रकाशन की प्रत्याशा में मास्टर ऑफ एजुकेशन (एम.एड.)(पत्राचार अध्ययन)के लिए विनियम 6 और 10.3(1999–2000 के शैक्षिक वर्ष से लागू)

6.1 परीक्षा पास करने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 33 प्रतिशत, 40% अंक शोध–निबन्ध में और कुल अंकों में से 40% अंक लेने जरूरी हैं ।

6.2 रि–अपियर के लिए एक अवसर (जो अंतिम परीक्षा के साथ लेना होगा) उन परीक्षार्थियों को दिया जाएगा जो एम.एड. पत्राचार पहले वर्ष की परीक्षा में दो पेपरों में अलग अलग तौर पर 40 प्रतिशत अंक और तीसरे पेपर में 25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेते हैं और परीक्षार्थी दूसरे वर्ष में उन्नीत करने के योग्य हो जाते हैं । एम. एड.(पत्राचार) के दूसरे वर्ष के दौरान भी ऐसे पैटर्न पर रि–अपियर के लिए एक और अवसर दिया जाएगा ।

10.3 जो परीक्षार्थी पंजाब यूनिवर्सिटी से एम.एड.की डिग्री प्रदान करने के योग्य हो जाता है उसको प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में उन पेपर/पेपरों को देने की अनुमति दी जा सकती है जिनमें वह अपने पहले निष्पादन में सुधार करना चाहता है । इस उद्देश्य के लिए उसे एम.एड. परीक्षा पास कर लेने की तिथि से पांच वर्ष में दो अवसर दिए जा सकते हैं । परन्तु शोध–निबन्ध/शोध–प्रबन्ध, मौखिक परीक्षा और प्रेक्टिकलों में सुधार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । परीक्षार्थी से यूनिवर्सिटी द्वारा समय समय पर निर्धारित फीस वसूल की जाएगी ।

---

8. पत्राचार द्वारा बेचुलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फरमेशन साइंस(वार्षिक पद्धति) (शैक्षिक वर्ष 2001-2002 से लागू)

.....

1.1 पत्राचार द्वारा बेचुलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फरमेशन साइंस की डिग्री के लिए कोर्स की अवधि एक शैक्षिक वर्ष होगी अर्थात जुलाई से अप्रैल तक अथवा सिंडिकेट द्वारा समय समय पर लिए निर्णय के अनुसार होगी ।

1.2 परीक्षा अप्रेल/मई के महीने में अथवा सिंडिकेट द्वारा निश्चित तिथियों पर होगी ।

2. जिस व्यक्ति की निम्नलिखित योग्यता है, वह इस कोर्स में दाखिला लेने के योग्य होगा :

(क) इस यूनिवर्सिटी से बेचुलर की डिग्री जिसमें कुल अंकों के 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों अथवा किसी अन्य यूनिवर्सिटी से बेचुलर की डिग्री जिसे सिंडिकेट द्वारा मान्यता प्राप्त हो; अथवा

(ख) इस यूनिवर्सिटी अथवा किसी अन्य यूनिवर्सिटी से मास्टर्ज़ डिग्री जिसे इस यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यताप्राप्त; अथवा

(ग) ओ.टी./आधुनिक भारतीय भाषा (एम.आइ.एल.) और केवल अंग्रेज़ी परीक्षाएँ । इस केस में 50 प्रतिशत अंकों की गणना अंग्रेज़ी और ऐच्छिक विषयों में प्राप्त अंकों को मिलाकर की जाएगी ।

(घ) (क), (ख), और (ग) के समान सिंडिकेट द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य योग्यता ।

3.1 प्रत्येक परीक्षार्थी अपनी परीक्षा फीस (कोर्स में दाखिल होते समय) और अन्य खर्चे अर्थात ट्यूशन फीस इत्यादि, देरी फीस के बिना और देरी फीस सहित जैसे भी सिंडिकेट निश्चित करे ।

3.2 पत्राचार अध्ययन विभाग (डी.सी.एस.) का अध्यक्ष परीक्षा-कंट्रोलर को उन विधार्थियों की सूची भेजेगा जिन्होंने विनियमों की शर्तों को पूरा किया है और जो सिंडिकेट द्वारा निश्चित और परीक्षा-कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित अंतिम तिथि या उससे पहले परीक्षा में बैठने के योग्य हैं ।

3.3 एक या दो पेपरों में पुनःपरीक्षा दे रहा परीक्षार्थी सिंडिकेट द्वारा निर्धारित परीक्षा फीस देगा ।

4.1 परीक्षा वही परीक्षार्थी दे सकेगा जो विनियम 2 में दी गई शर्तें पूरा करता हो और:

(क) जिसने थीयरी पेपरों में निजी सम्पर्क कार्यक्रम/मों में कम से कम 50% लेक्चर पूरे किए हों ।

(ख) प्रत्येक परीक्षार्थी को लाइब्रेरी वर्गीकरण और लाइब्रेरी केटालोगिंग पेपरों में अलग अलग तौर पर कम से कम 8 घंटे हाज़िर रहना अनिवार्य होगा ।

(ग) उसका नैतिक आचरण अच्छा हो ।

4.2 थीयरी पेपरों में निजी सम्पर्क कार्यक्रम/मों में लगाए निर्धारित लेक्चरों में 10% तक की न्यूनता को पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष माफ कर सकता है ।

4.3 जो परीक्षार्थी ऊपर पैरा 4.1 (क,ख और ग) के अनुसार शर्त पूरी नहीं करता, उसे अगले शैक्षिक वर्ष में निजी सम्पर्क कार्यक्रम/मों में निर्धारित लेक्चरों में हाज़िर रहना होगा ।

4.4 यदि परीक्षार्थी परीक्षा नहीं देता अथवा परीक्षा में फेल हो जाता है, तो निजी सम्पर्क कार्यक्रम में परीक्षार्थी द्वारा लगाए लेक्चरों की निर्धारित प्रतिशतता प्रामाणिक रहेगी और उसे अगले शैक्षिक वर्ष में आगे ले जाया जा सकेगा।

5. अध्यापन और परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी होगा ।

6. यदि कोई परीक्षार्थी किसी पेपर/पेपरों को पास नहीं कर पाता, उसे लगातार दो बार उन पेपर/पेपरों में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है (एक अवसर अनुपूरक परीक्षा में और एक अवसर वार्षिक परीक्षा में) जिनमें वह फेल हो गया था । यदि वह फिर भी इस अवधि में इन पेपरों में फेल हो जाता है, उसका परिणाम रद्द हुआ माना जाएगा । ऐसे परीक्षार्थी को पत्राचार अध्ययन विभाग में दोबारा विद्यार्थी बने बगैर बेचुलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फरमेशन साइंस में परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

7.1 कुल आठ पेपर होंगे और प्रत्येक पेपर 100 अंकों का होगा ।

7.2 प्रत्येक पेपर को बाहरी परीक्षक तैयार करेगा ।

8. परीक्षा पास करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम अंक प्रत्येक पेपर में 50 प्रतिशत होंगे ।

9. परीक्षा-कंट्रोलर परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह बाद अथवा जितनी जल्दी हो सके परीक्षा का परिणाम घोषित करेगा ।

10.1 सफल परीक्षार्थियों को, जो सभी निर्धारित पेपरों में पास हो गए हैं, बेचुलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फरमेशन साइंस की डिग्री प्रदान की जाएगी। सफल परीक्षार्थियों को निम्नानुसार वर्गीकृत जाएगाः

(क) (i) जो कुल अंकों में से 60%
या अधिक अंक प्राप्त करते हैं : पहली श्रेणी

(ii) जो कुल अंकों में से 50%
या अधिक परन्तु 60% से कम
अंक प्राप्त करते हैं : दूसरी श्रेणी

(ख) जो किसी पेपर में 75% या अधिक अंक प्राप्त करता है, उसे उस पेपर में वैशिष्टय प्रदान किया जाएगा।

10.2. प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को डिग्री प्रदान की जाएगी जिसमें उस द्वारा प्राप्त श्रेणी का उल्लेख किया जाएगा ।

11. पढ़ाई का पाठ्यकम और पाठ्य-विवरण समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

---

9. दाखिला/परीक्षा फीस के संबंध में भारत सरकार द्वारा अधिसूचना क्रमांक 2-98/जी.आर. द्वारा मंजूर और यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया विनियम.

कोर्स में दाखिल प्रत्येक परीक्षार्थी प्रत्येक शैक्षिक वर्ष के लिए सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निर्धारित दाखिला और परीक्षा फीस यूनिवर्सिटी को देगा ।

10. एम.एस-सी.(इन्फरमेशन टेक्नॉलोजी) (दो वर्षीय कोर्स) के लिए विनियम (यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में 2001 के दाखिलों से लागू)।

1.1 एम.एस-सी. (इन्फरमेशन टेक्नॉलोजी) के लिए परीक्षा होगी। इस कोर्स की अवधि दो वर्ष होगी ।

1.2 इस कोर्स की परीक्षा दो भागों में होगी:
कोर्स के पहले वर्ष के अंत में भाग-I और कोर्स के दूसरे वर्ष के अंत में भाग- II की परीक्षाएँ वर्ष में एक बार साधारणतया अप्रेल के महीने में सिंडिकेट द्वारा निश्चित तिथि पर होंगी।

1.3 सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निश्चित देरी फीस के बिना और देरी फीस सहित दाखिला फार्म लेने की अंतिम तिथि को संबंधित संबद्ध कालेजों को अधिसूचित किया जाएगा ।

2.1 जिस व्यक्ति ने निम्नलिखित परीक्षाएँ पास की हैं, वह कोर्स के भाग-I (पहले वर्ष) में दाखिला लेने के योग्य होगा :
पंजाब यूनिवर्सिटी अथवा सिंडिकेट द्वारा इसके तुल्य मान्यताप्राप्त किसी अन्य यूनिवर्सिटी से बी.सी.ए. की परीक्षा ।

2.2 एम.एस-सी.(इन्फरमेशन टेक्नॉलोजी) की पहले वर्ष की परीक्षा वही नियमित परीक्षार्थी दे सकेगा:

(क) जो परीक्षा से एक शैक्षिक वर्ष पूर्व संबद्ध कालेज में दाखिल रहा हो;

(ख) जिसका आचरण अच्छा हो; और

(ग) (i) जो उसकी कक्षा को प्रत्येक निर्धारित पेपर में दिए कोर्स के कुल लेक्चरों में से 75 प्रतिशत में हाज़िर रहा हो; (ii) शोध-निबन्ध

की सूरत में, उसने इसे संबंधित संबद्ध कालेज के प्रिंसिपल के निर्देश अनुसार पूर्ण किया हो ।

(घ) ऐसे प्रत्येक विषय में उसने आंतरिक मूल्यांकन में से 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों ;

परीक्षार्थी को अपना प्रोजेक्ट/शोध-निबन्ध/शोध-प्रबन्ध भाग II की परीक्षा शुरू होने से कम से कम 20 दिन पहले यूनिवर्सिटी को प्रस्तुत करना होगा ।

3. संबंधित संबद्ध कालेज का प्रिंसिपल रजिस्ट्रार को उन विद्यार्थियों की सूची भेजेगा जिन्होंने नियमों और विनियमों की शर्तों को पूरा कर दिया है और जो प्रति वर्ष परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा देने के योग्य हैं।

4. निर्धारित लेक्चरों की संख्या में न्यूनता को निम्नानुसार माफ किया जा सकता है:

(i) प्रत्येक पेपर में 20% लेक्चरों तक	संबद्ध कालेज के प्रिंसिपल द्वारा
(ii) 10 लेक्चरों तक	कुलपति द्वारा

5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा के प्रत्येक भाग के लिए दी जाने वाली दाखिला-फीस की राशि समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

6. परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी होगा ।

7.1 प्रत्येक परीक्षार्थी की परीक्षा यूनिवर्सिटी द्वारा समय समय पर निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ली जाएगी ।

7.2 इसके अतिरिक्त,परीक्षा के प्रत्येक भाग के लिए बोर्ड ऑफ कंट्रोल द्वारा अनुमोदित स्कीम के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन होगा । कालेज का प्रिंसिपल सिंडिकेट द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार परीक्षा शुरू होने से 15 दिन पहले यूनिवर्सिटी को आंतरिक मूल्यांकन के अंक भेजेगा ।

8.1 परीक्षा में पास होने के लिए न्यूनतम अंक निम्नानुसार होंगे :

(क) प्रत्येक लिखित पेपर में 40 प्रतिशत

(ख) आंतरिक मूल्यांकन/मौखिक परीक्षा/सेमिनार/प्रोजेक्ट में 40 प्रतिशत, और

(ग) (क) और (ख) के कुल जोड़ का 50 प्रतिशत ।

जो विद्यार्थी पहले और दूसरे वर्ष के प्रत्येक विषय में अलग अलग तौर पर आंतरिक मूल्यांकन में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं करता, उसे अगले शैक्षिक वर्ष में यूनिवर्सिटी परीक्षा में बैठने की अनुमति देने से पहले उस साल के लिए निर्धारित विषयों को दोबारा पढ़ना पड़ेगा, परन्तु शर्त यह है कि उसे डिग्री प्राप्त करने के योग्य बनने के लिए इस कोर्स में दाखिला लेने की मूल तिथि से अधिक से अधिक चार शैक्षिक वर्षों में कोर्स की सभी शर्तों को पूरा करना होगा और सभी निर्धारित परीक्षाएं पास करनी होंगी।

8.2 दूसरे वर्ष की परीक्षा वही नियमित परीक्षार्थी दे सकता है:

(i) जो परीक्षा से पहले दो शैक्षिक वर्षों में संबद्ध कालेज में दाखिल रहा हो ;

(ii) जिसने पहले वर्ष की परीक्षा पास कर ली हो और विनियम 10 के अंतर्गत दूसरे वर्ष की परीक्षा देने के योग्य हो;

(iii) जो प्रत्येक निर्धारित पेपर में उसकी कक्षा को दिए कुल लेक्चरों में से 75 प्रतिशत लेक्चरों में उपस्थित रहा हो ; और शोध-निबन्ध अथवा शोध-प्रबन्ध की सूरत में संबंधित संबद्ध कालेज के प्रिंसिपल द्वारा दिए निर्देश के अनुसार इसको पूरा कर लिया हो ;

(iv) प्रत्येक विषय में आंतरिक मूल्यांकन में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों ।

परीक्षार्थी को अपना प्रोजेक्ट/शोध-निबन्ध/शोध-प्रबन्ध भाग-II की परीक्षा शुरू होने से कम से कम 20 दिन पहले यूनिवर्सिटी को प्रस्तुत करना होगा ।

9. रियायती अंक पहले अथवा दूसरे वर्ष की परीक्षा, जैसी भी स्थिति हो, के सभी विषयों के कुल अंकों के एक प्रतिशत के हिसाब से दिए जाएंगे । परीक्षार्थी, जिसमें उसका फायदा हो, या तो कुल जोड़ में या एक पेपर अथवा अधिक पेपरों में रियायती अंकों का लाभ उठा सकता है । परन्तु रियायती अंक केवल परीक्षा पास करने के लिए अथवा उच्चतर श्रेणी प्राप्त करने के लिए दिए जाएंगे, न कि आंतरिक मूल्यांकन में सुधार अथवा वैशिष्टय से परीक्षा पास करने के लिए दिए जाएंगे ।

10. डिग्री प्रदान करने के लिए विद्यार्थी को कोर्स की सभी शर्तें पूरी करनी चाहिए और कोर्स में दाखिल होने की तिथि से लेकर अधिकतम चार

शैक्षिक वर्षों में सभी निर्धारित परीक्षाएँ पास करनी जरूरी हैं । इन शर्तों के अंतर्गत, विद्यार्थी को निम्नलिखित के अनुसार एक अथवा अधिक विषयों में पुनःपरीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है:

जिस परीक्षार्थी ने प्रत्येक विषय के आंतरिक मूल्यांकन में पूर्वापेक्षित अंक प्राप्त कर लिए हैं और वह पहले वर्ष की परीक्षा देकर विनियम 8.1(ग) के अंतर्गत फेल हो जाता है, उसे दूसरे वर्ष की परीक्षा के साथ पहले वर्ष के सभी अथवा कुछ विषयों में पुनःपरीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है । जिन विषयों में परीक्षार्थी पुनःपरीक्षा देने के योग्य होगा, वे वही विषय होंगे जिनमें से उसने आंतरिक मूल्यांकन और यूनिवर्सिटी परीक्षा दोनों के कुल जोड़ के 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किए हैं (आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का पुनःमूल्यांकन नहीं किया जाएगा, परन्तु उनको आगे ले जाया जाएगा) । यदि वह फिर भी पहले वर्ष की परीक्षा पास नहीं कर पाता, उस परीक्षार्थी को कोर्स के दूसरे वर्ष के लिए पढ़ाई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, और उसकी पहले वर्ष की परीक्षा का परिणाम उतनी देर तक रोककर रखा जाएगा जितनी देर तक पहले वर्ष के लिए निर्धारित विषयों को पास नहीं कर लेता ।

11. परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह बाद अथवा जितनी जल्दी संभव हो, परीक्षा-कंट्रोलर सफल परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा । भाग-I का प्रत्येक विद्यार्थी प्रमाणपत्र प्राप्त करेगा ।

12. भाग-II परीक्षा के सफल परीक्षार्थियों को निम्नानुसार तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा :

(क) जो कुल अंकों में से 75% या अधिक अंक प्राप्त करते हैं : वैशिष्टय सहित पहली श्रेणी

(ख) जो कुल अंकों में से 60% या अधिक अंक प्राप्त करते हैं : पहली श्रेणी

(ग) जो कुल अंकों में से 50% या अधिक परन्तु 60% से कम अंक प्राप्त करते हैं : दूसरी श्रेणी

13. यदि संबद्ध कालेज के प्रिंसिपल की अनुमति हो तो सफल परीक्षार्थी अपने शोध-निबन्ध/शोध-प्रबन्ध के मौलिक परिणामों को पेपरों के रूप में स्थापित शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित कर सकता है ।

---

11. पंजाब यूनिवर्सिटी कैलेन्डर, भाग I, 2000 के पृष्ठ 112 पर 'यूनिवर्सिटी कर्मचारियों की सेवा शर्तें' से संबंधित अध्याय V(क) के विनियम 6.1, 6.2, 6.3 और 7, और इन्हें भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया जाए ।

6.1 इस अध्याय के विनियम 5 और 8 में की गई व्यवस्था के बिना, प्रोफेसरों अथवा रीडरों के तौर पर व्यक्तियों की सिफारिश करने के लिए चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :

(i) कुलपति – चेयरमैन

(ii) कुलपति द्वारा सिफारिश की अथवा/और सिंडिकेट द्वारा अनुमोदित सूची में से संबंधित विषय/क्षेत्र में तीन विशेषज्ञ।

(iii) चांसलर द्वारा मनोनीत एक शिक्षाविद

(iv) संबंधित फेकल्टी का डीन

(v) संबंधित विभाग का अध्यक्ष।

प्रोफेसर के पद से कम पद वाला अध्यक्ष चयन समिति में नहीं बैठना चाहिए । यदि अध्यक्ष प्रोफेसर न हो तो वरिष्ठतम प्रोफेसर चयन समिति का सदस्य होगा । विभाग में किसी प्रोफेसर के न होने की सूरत में, डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन चयन समिति का सदस्य होगा।

अनुसूचित जातियों/जनजातियों, स्त्रियों और विकलांग का प्रतिनिधित्व चयन समिति में होगा यदि इनमें से किसी प्रवर्ग का परीक्षार्थी साक्षात्कार के लिए आता है ।

रीडर के पद के लिए चयन प्रकिया में साक्षात्कार से पहले परीक्षार्थियों का बायोडेटा और तीन मुख्य प्रकाशनों के रीप्रिन्ट मंगवाना सम्मिलित हैं(प्रोफेसर के पद के लिए एक प्रकाशन पुस्तक अथवा शोध प्रोजेक्ट होना चाहिए) । इस सामग्री का उन तीन बाहरी विशेषज्ञों से मूल्यांकन करवाना ज़रूरी है जिनको परीक्षार्थियों का साक्षात्कार लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है । मूल्यांकन रिपोर्ट को चयन समिति के सामने प्रस्तुत किया जाएगा ।

समिति उपयुक्त परीक्षार्थियों का साक्षात्कार लेगी और सिफारिशें करेगी जिसको सिंडिकेट के सामने रखा जाएगा । यदि सिंडिकेट चयन समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करती, तब यह सीधी भरती के

लिए पद के पुनःविज्ञापन अथवा सेवाकालीन पदोन्नति के आवेदनपत्र दोबारा मंगवाने का आदेश दे सकती है । अथवा जो यह ठीक समझे,वैसी कार्यवाही कर सकती है । प्रोफेसर अथवा रीडर की नियुक्ति के लिए किसी व्यक्ति की सिफारिश करते समय समिति इन बातों को ध्यान में रखेगी:

(i) उसका शोध–सामर्थय

(ii) अध्यापक के रूप में उसकी योग्यता, और

(iii) अपने व्यवसाय के विषय में उसकी सामान्य श्रेष्ठता।

लेक्चरार, रीडर और प्रोफेसर का चयन करने की विधि के रूप में यूनिवर्सिटी सेमिनार अथवा संवाद की विधि को अपना सकती है ।

6.2 कोरम चार व्यक्तियों का होगा जिनमें से कम से कम दो बाहरी विषय विशेषज्ञ उपस्थित होंगे ।

6.3 XXX XXX XXX

7. विनियम 5 और 8 में की गई व्यवस्था के अतिरिक्त, जब किसी लेक्चरार की नियुक्ति की जानी है, तो चयन समिति में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :

(i) कुलपति – अध्यक्ष

(ii) संबंधित विषय में तीन विशेषज्ञ जिसे कुलपति द्वारा सिफारिश की और सिंडिकेट द्वारा अनुमोदित सूची में से लिया जाएगा

(iii) चांसलर द्वारा मनोनीत एक शिक्षाविद

(iv) संबंधित फेकल्टी का डीन

(v) संबंधित विभाग का अध्यक्ष।

अनुसूचित जातियों/जनजातियों, स्त्रियों और विकलांगों का एक प्रतिनिधि चयन समिति पर होगा जब इन प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग के लिए परीक्षार्थी साक्षात्कार के लिए आता है ।

---

12. पं.यू. कैलेन्डर, भाग II, 1995 के पृष्ठ 310 पर फेकल्टी ऑफ बिज़निस मेनेजमेंट एण्ड कॉमर्स में डॉक्टर ऑफ फिलासफी के विनियम 1.1 में वृद्धि

1.1 फेकल्टी ऑफ बिज़निस मेनेज़मेंट एण्ड कॉमर्स में डॉक्टर ऑफ फिलासफी का नामांकन वह परीक्षार्थी करवा सकेगा जिसने पंजाब यूनिवर्सिटी अथवा किसी अन्य यूनिवर्सिटी(शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित) से निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों से मास्टर डिग्री प्राप्त की है:

(i) कॉमर्स अथवा मेनेजमेंट

अथवा

(ii) अर्थशास्त्र, गणित, सांख्यकी, समाजविज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, संकियात्मक शोध, सामाजिक कार्य, इंजीनियरिंग और लाज़ ।

अथवा

(iii) ऊपर (i) और (ii) के अतिरिक्त कोई अन्य विषय परन्तु शर्त यह है कि परीक्षार्थी का या तो प्रबंधकीय स्तर का कार्य अनुभव (जिसमें प्रशासनिक सेवा सम्मिलित है) पाँच वर्ष से कम नहीं होना चाहिए अथवा वह कॉमर्स और बिज़निस मेनेजमेंट विभाग, पंजाब यूनिवर्सिटी की फेकल्टी का सदस्य हो और उसका पोस्टग्रेजुएट कक्षाओं को पढ़ाने का अनुभव पांच वर्ष से कम न हो ।

अथवा

(iv) वे एम.एफ.सी. परीक्षार्थी जो यूनिवर्सिटी बिज़निस स्कूल से पूर्व-पी-एच.डी. प्रोग्राम में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं, वे अपना पी-एच.डी. के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

बशर्तेकि ऊपर (ii) और (iii) में वर्णित योग्यताओं वाले परीक्षार्थी केवल तब ही योग्य होंगे यदि उनकी शोध का क्षेत्र बिज़निस मेनेजमेंट की फेकल्टी से संबंधित होगा ।

---

13. मास्टर ऑफ फाइनान्स एण्ड कंट्रोल(एम.एफ.सी.) परीक्षा के लिए विनियम 9.1, 9.2, 9.3 और 9.4 और सीनेट/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया जाए ।

प्रस्तावित विनियम

9.1 जो परीक्षार्थी भाग- I की परीक्षा में फेल हो जाता है और वह आंतरिक मूल्यांकन को मिलाकर कम से कम तीन पेपरों में अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में 35 % अंक और कुल अंकों में से कम से कम 50 % अंक प्राप्त करता है, उसे भाग-II की पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाएगी परन्तु उसे उन पेपर/पेपरों में उसी वर्ष की सितंबर/अक्तूबर के महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा में पुनःपरीक्षा देनी होगी जिनमें वह अप्रेल/मई की परीक्षा में फेल हुआ था । यदि परीक्षार्थी सितंबर/अक्तूबर के महीने में हुई अनुपूरक परीक्षा में पुनःपरीक्षा वाले पेपर/पेपरों में फेल हो जाता है, उसे अप्रेल/मई के महीने में होने वाली परीक्षा में पुनःपरीक्षा वाले पेपर को पास करने के लिए एक और अवसर दिया जाएगा ।

9.2 जो परीक्षार्थी भाग-I की परीक्षा में फेल हो जाता है परन्तु आंतरिक मूल्यांकन को मिलाकर सभी पेपरों में से अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में कम से कम 35 % अंक प्राप्त कर लेता है परन्तु कुल अंकों में से 50 % अंक प्राप्त नहीं करता है, उसे उसी वर्ष के सितंबर/अक्तूबर के महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा में अधिक से अधिक तीन पेपरों में पुनःपरीक्षा देने का विकल्प प्राप्त होगा और उसे भाग-II के लिए अपनी पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाएगी । यदि परीक्षार्थी सितंबर/अक्तूबर के महीने में अनुपूरक परीक्षा में पुनःपरीक्षा वाले पेपर/पेपरों को पास करने में असफल रहता है, उसे अप्रेल/मई के महीने में होने वाली वार्षिक परीक्षा में पुनः परीक्षा वाले पेपर/पेपरों को पास करने का एक और अवसर प्रदान किया जाएगा ।

9.3 जो परीक्षार्थी भाग-II की परीक्षा में फेल हो जाता है और आंतरिक मूल्यांकन में प्राप्त अंकों को मिलाकर कम से कम तीन पेपरों में अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में कम से कम

35% अंक और कुल अंकों में से 50% अंक प्राप्त कर लेता है, उसे उसी वर्ष में सितंबर/अक्तूबर महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा में उन पेपर/पेपरों में पुनःपरीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी जिनमें वह अप्रेल/मई की परीक्षा में फेल हुआ था । यदि परीक्षार्थी सितंबर/अक्तूबर के महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा में पुनः परीक्षा वाले पेपर/पेपरों को पास नहीं कर पाता, उसे अप्रेल/मई के महीने में होने वाली वार्षिक परीक्षा में पुनःपरीक्षा वाले पेपर/पेपरों को पास करने का एक और अवसर प्रदान किया जाएगा ।

9.4 जो परीक्षार्थी भाग–II की परीक्षा में फेल हो जाता है परन्तु सभी पेपरों में आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को मिलाकर अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में 35% अंक प्राप्त कर लेता है और कुल अंकों में से 50% अंक प्राप्त नहीं कर पाता, उसे उसी वर्ष के सितंबर/अक्तूबर के महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा में अधिक से अधिक तीन पेपरों में पुनःपरीक्षा देने का विकल्प प्राप्त होगा । यदि वह परीक्षार्थी सितंबर/अक्तूबर के महीने में हुई अनुपूरक परीक्षा में पुनःपरीक्षा वाले पेपर/पेपरों को पास करने में असफल रहता है, तो उसे अप्रेल/मई के महीने में होने वाली वार्षिक परीक्षा में पुनः परीक्षा वाले पेपर/पेपरों को पास करने का एक और अवसर प्रदान किया जाएगा ।

---

14. मास्टर ऑफ साइंस(औद्योगिक रासायणिकी–इन्डस्ट्रियल केमिस्ट्री)के लिए विनियम 4 में संशोधन

प्रस्तावित विनियम

4. जिस व्यक्ति ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह इस कोर्स में दाखिला लेने के योग्य होगा:

(क) कोई परिवर्तन नहीं

अथवा

(ख) भौतिकी, रासायणिकी और गणित सहित बी.एस–सी. तीन–वर्षीय डिग्री कोर्स ।

(ग) गणित/कंप्यूटर साइंस, रासायणिकी और औद्योगिक रासायणिकी सहित बी.एस–सी. तीन वर्षीय डिग्री कोर्स

अथवा

(घ) ऊपर(क), (ख) और (ग) के तुल्य सिंडिकेट द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य परीक्षा।

जिस व्यक्ति ने ऊपर (ख), (ग) और (घ) के तुल्य कोई अन्य परीक्षा पास की है, उसे दाखिले के समय पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार से पात्रता प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करना होगा ।

15. बी.ई.(मेटालर्जिकल इंजीनियरिंग) से बी.ई. मेटालर्जिकल एण्ड मेटिरियल इंजीनियरिंग नाम का परिवर्तन ।

---

16. पं.यू. कैलेन्डर, भाग II, 1995 के बेचुलर ऑफ फाइन आर्टस के लिए विनियम 2.3, 2.4, 3.1, 3.2, 4, 8 और 13 (2001 के दाखिलों से लागू)।

3.1. परीक्षार्थी इस कोर्स के अंतिम वर्ष की कक्षा में केवल तभी दाखिल हो सकेगा यदि वह पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं पास कर लेता है ।

ये सभी चार वार्षिक परीक्षाएं उस परीक्षार्थी के लिए खुली होंगी जिसके पास विनियम 1.2 और 3.1 में निर्धारित योग्यताएं हैं और वह कालेज के प्रिंसिपल द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है । लेक्चरों और प्रेक्टिकलों में 5 प्रतिशत की न्यूनता को संबद्ध कालेज का प्रिंसिपल माफ कर सकता है ।

सभी चार वार्षिक परीक्षाओं की सूरत में कालेज का प्रिंसिपल दिए गए सत्रीय अंकों को यूनिवर्सिटी परीक्षा शुरू होने से कम से कम दस दिन पहले निर्धारित फार्म पर यूनिवर्सिटी को भेजेगा ।

परीक्षा–कंट्रोलर प्रत्येक वार्षिक परीक्षा के परिणाम को इसके समाप्त होने के बाद जितनी जल्दी संभव हो प्रकाशित करेगा।

---

17. पं.यू. केलेन्डर, भाग II, 2000 के पृष्ठ 172 पर फेकल्टीज़ ऑफ आर्टस, लेंगुएजिज़, डिज़ाइन एण्ड फाइन आर्टस और बिज़निस मेनेजमेंट एण्ड कॉमर्स में मास्टर ऑफ फिलासफी के लिए विनियम 1 की वृद्धि। इसे सीनेट/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार के गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया जाए ।

प्रस्तावित विनियम

1. आर्टस, लेंगुएजिज़, एजुकेशन, साइंस, डिज़ाइन एण्ड फाइन आर्टस और बिज़निस मेनेजमेंट एण्ड कॉमर्स की फेकल्टीज़ में मास्टर ऑफ फिलासफी की डिग्री के लिए परीक्षार्थी को पंजाब यूनिवर्सिटी से मास्टर की परीक्षा पहली अथवा दूसरी श्रेणी में पास करनी ज़रूरी है अथवा कोई अन्य परीक्षा जो इस यूनिवर्सिटी द्वारा इसके तुल्य मान्यताप्राप्त हो (संबंधित विषय में 50% अंक) । गांधियन स्टडीज़ में एम.फिल. के लिए, विषय में मास्टरज़ की डिग्री को बोर्ड ऑफ कंट्रोल निर्धारित करेगा(डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन के अनुमोदन से)। गुरु ग्रंथ साहिब स्टडीज़ में एम. फिल. के लिए, परीक्षार्थी ने पंजाब यूनिवर्सिटी से किसी भी फेकल्टी से कम से कम 50% अंकों से मास्टर की डिग्री प्राप्त की हो अथवा किसी अन्य यूनिवर्सिटी से कोई ऐसी परीक्षा पास की हो जिसे इस यूनिवर्सिटी की अनुसारी परीक्षा के तुल्य मान्यता प्राप्त हो ।

---

18. यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में कंप्यूटर साइंस कोर्स में बी.एस–सी. (आनर्ज़ स्कूल) की वार्षिक पद्धति का आरंभ (2001–2002 के शैक्षिक वर्ष से लागू) ।

इस कोर्स को संचालित करने वाले विनियम वही होंगे जो विज्ञान के विभिन्न विभागों में अन्य बी.एस–सी.(आनर्ज़ स्कूल) कोर्स के लिए लागू हैं ।

19. यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में बायो–टेक्नॉलोजी कोर्स में बी.एस–सी. (आनर्ज़) की वार्षिक पद्धति का आरंभ(2001–2002 शैक्षिक वर्ष से लागू) ।

20. यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में बेचुलर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन(बी. बी.ए.) के लिए विनियम 11.4 में वृद्धि ।

11.4 कि बी.बी.ए. भाग–I की परीक्षा के लिए परीक्षार्थी जो लगातार दो अवसरों में कंपार्टमेंट पेपर पास नहीं कर पाता परन्तु बी.बी.ए. भाग–II की परीक्षा को पास कर लेता है, उसे कंपार्टमेंट पेपर पास करने के लिए एक अतिरिक्त अवसर दिया जाए । यदि वह अतिरिक्त अवसर में भी कंपार्टमेंट विषय पास नहीं कर पाता, उसे फेल घोषित किया जाएगा और उसका बी.बी.ए. भाग–II की परीक्षा का परिणाम तुरन्त रद्द कर दिया जाएगा ।

21. यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में बेचुलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन्ज़(बी.सी.ए.) के लिए विनियम 6.3 में वृद्धि(इसे लागू किया जाए)

कि बी.सी.ए. भाग–I की परीक्षा के लिए परीक्षार्थी, जो लगातार दो अवसरों में कंपार्टमेंट पेपर पास नहीं कर पाता और भाग–II की परीक्षा पास कर लेता है, उसे कंपार्टमेंट पेपर पास करने के लिए दूसरे अवसर के तुरन्त बाद एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाए। यदि वह अतिरिक्त अवसर में भी कंपार्टमेंट पेपर पास नहीं कर पाता, उसे फेल घोषित किया जाएगा और उसका बी.सी.ए. भाग–II का परिणाम तुरन्त रद्द कर दिया जाएगा ।

22. पंजाब यूनिवर्सिटी कैलेन्डर, भाग II, 2000 के पृष्ठ 54 पर बी.ए./बी. एस–सी.(जनरल और आनर्ज) परीक्षा के लिए विनियम 27.2 और इसे यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गजट में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया जाए ।

27.2 जिस परीक्षार्थी की कंपार्टमेंट आई हो, वह अस्थायी रूप से अगली उच्चतर कक्षा में दाखिल होने के योग्य है । यदि वह लगातार दो अवसरों में कंपार्टमेंट विषय को पास करने में असफल रहता है, उच्चतर परीक्षा के लिए उसका परिणाम रद्द समझा जाएगा । कंपार्टमेंट विषय के लिए वह नियमित विद्यार्थी अथवा लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में पेपर दे सकता है ।

बशर्तेकि बी.ए./बी.एस–सी. भाग–II का परीक्षार्थी जो लगातार दो अवसरों में कंपार्टमेंट विषय को पास करने में असफल रहता है और पहली बार में बी.ए./बी.एस–सी. भाग–III की परीक्षा पास कर लेता है, उसे उस द्वारा लिए दूसरे अवसर के तुरन्त बाद दो अतिरिक्त अवसर दिए जाएंगे ।

यदि वह कंपार्टमेंट विषय में अतिरिक्त अवसरों में भी पास होने में असफल रहता है, उसको फेल घोषित किया जाएगा और बी.ए./बी. एस–सी. के लिए उसके परिणाम को तुरन्त रद्द कर दिया जाएगा ।

———

23. पत्राचार द्वारा मास्टर ऑफ कामर्स(वार्षिक पद्धति) के लिए विनियम और इन्हें यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में 2003 के दाखिलों से लागू किया जाए ।

1. मास्टर ऑफ कॉमर्स की डिग्री के कोर्स की अवधि दो शैक्षिक वर्ष होगी और परीक्षा के दो भाग होंगे अर्थात पहले वर्ष के कोर्स के अंत पर भाग–I और दूसरे वर्ष के कोर्स के अंत पर भाग–II. प्रत्येक भाग के लिए परीक्षा वर्ष में एक बार साधारणतया अप्रेल/मई के महीने में अथवा सिंडिकेट द्वारा निश्चित और परीक्षा–कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित तिथियों पर होगी।

2.1 प्रत्येक परीक्षार्थी सिंडिकेट द्वारा निश्चित देरी फीस के बिना और देरी फीस सहित अपनी परीक्षा फीस और अन्य खर्चे अर्थात शिक्षा–फीस इत्यादि अदा करेगा ।

2.2 पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष/कालेज का प्रिंसिपल परीक्षा–कंट्रोलर को उन विद्यार्थियों की सूची भेजेगा जिन्होंने विनियमों की शर्तों को पूरा किया है और वे परीक्षा देने के योग्य हैं । यह सूची सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निश्चित और परीक्षा–कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित अंतिम तिथि को या उस से पहले भेजेगा ।

3. इस कोर्स के पहले वर्ष में दाखिले के लिए न्यूनतम योग्यता होगी:

(क)कुल अंकों में से कम से कम 45% अंकों सहित कॉमर्स/बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन में बेचुलरज़ डिग्री ; अथवा

(ख)कुल अंकों में से कम से कम 45% अंकों सहित बी.कॉम. (आनर्ज़)डिग्री ; अथवा

(ग)कुल अंकों में से कम से कम 45% अंकों से अर्थशास्त्र या गणित या सांख्यकी या कॉमर्स में आनर्ज़ सहित ग्रेजुएट ; अथवा

(घ)कुल अंकों में से 50% अंक से ग्रेजुएट और जिसनें या अर्थशास्त्र, गणित, सांख्यकी या कामर्स विषयों से परीक्षा पास की हो ।

बशर्तेकि जिस परीक्षार्थी के पास आधुनिक भारतीय भाषाओं (हिंदी/उर्दू/पंजाबी/गुरुमुखी लिपि में) और/या क्लासिकी भाषाओं (संस्कृत/फारसी/अरबी)में अथवा किसी अन्य यूनिवर्सिटी से इसी ढंग से प्राप्त डिग्री हो जिसे सिंडिकेट द्वारा मान्यता प्राप्त हो ; कुल अंकों में से 50% की गणना भाषा के सभी पेपरों में अंकों की पूर्ण प्रतिशतता को दृष्टि में रखकर

की जाएगी जिसमें अतिरिक्त ऐच्छिक पेपर, अंग्रेज़ी और वैकल्पिक विषय सभी को मिलाया जाएगा ; अथवा

(च)(i) इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टरड अकाउंटेंटस ऑफ इन्डिया या इंग्लैंड अथवा (ii) भारत या इंग्लैंड का इन्स्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्कस अकाउंटेंटस का एसोशिएट ; अथवा

(छ) इन्स्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज़ ऑफ इन्डिया द्वारा संचालित अंतिम परीक्षा में पारित ; अथवा

(ज) इस उद्देश्य से सिंडिकेट द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य योग्यता ।

4. अध्यापन और परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी होगा । परन्तु परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर अंग्रेज़ी, हिंदी अथवा पंजाबी में दे सकता है ।

5.1 प्रत्येक परीक्षार्थी की समय समय पर पाठ्यक्रम में निर्धारित पेपरों (जिसमें प्रोजेक्ट और मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित होगी) में परीक्षा ली जाएगी। प्रोजेक्ट और मौखिक परीक्षा को छोड़कर, प्रत्येक पेपर में यूनिवर्सिटी द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षा के 75% अंक होंगे और आंतरिक मूल्यांकन 25% अंकों का होगा ।

5.2 पत्राचार अध्ययन विभाग के परीक्षार्थियों के लिए, पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष लिखित नियत कार्य (असाइन्मेंट) के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो सप्ताह पहले परीक्षा–कंट्रोलर को भेजेगा ।

5.3 कालेज के विद्यार्थियों के लिए, कालेज का प्रिंसिपल आवधिक परीक्षणों, लिखित नियत कार्यों, केस परिचर्चा, सिंडिकेट सेशनों, क्षेत्रीय फेरी इत्यादि के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो सप्ताह पहले परीक्षा–कंट्रोलर को भेजेगा ।

5.4 प्रोजेक्ट का मूल्यांकन आंतरिक तौर पर किया जाएगा । प्रोजेक्ट रिपोर्ट पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष/कालेज के प्रिंसिपल को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो महीने पहले प्रस्तुत की जाएगी । निर्धारित तिथि के बाद प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट को उतनी देर तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जितनी देर तक पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष/कालेज के प्रिंसिपल द्वारा अनुमोदन प्राप्त नहीं किया जाता ।

5.4(i)(क) प्रोजेक्ट रिपोर्ट के संबध में नियम वही होंगे जो यू.बी.एस., कालेजों और पत्राचार अध्ययन के लिए है।

(ख) विधार्थी ग्रीष्म प्रशिक्षण के 6–8 सप्ताहों पर आधारित ग्रीष्म प्रशिक्षण शोध प्रोजेक्ट अथवा इससे अलग शोध प्रोजेक्ट ले सकता है ।

(ग) अगले शैक्षिक वर्ष के लिए कालेज/यूनिवर्सिटी खुलने से दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी ।

(घ) प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर आधारित मौखिक परीक्षा दो महीने के अंदर आंतरिक और बाहरी परीक्षकों द्वारा ली जाएगी ।

(च) परीक्षक की नियुक्ति यूनिवर्सिटी विभागों और संबद्ध कालेजों में से की जाएगी ।

(छ) (क) से (च) तक के प्रकाश में पत्राचार में किए गए नियमों के परिणामी परिवर्तन का अनुसरण किया जाएगा।

5.5 मौखिक परीक्षा यूनिवर्सिटी द्वारा नियुक्त आंतरिक और बाहरी परीक्षकों द्वारा संयुक्त रूप में ली जाएगी ।

5.6 पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष/कालेज का प्रिंसिपल उस रिकार्ड को, जिसके आधार पर आंतरिक मुल्यांकन के अंक तैयार किए गए हैं, यदि ज़रूरत पड़ी तो यूनिवर्सिटी के निरीक्षण के लिए परिणाम घोषित करने की तिथि से छः महीने तक संभाल कर रखेगा ।

7.1 (i) भाग–I की परीक्षा वही परीक्षार्थी दे सकेगा जो पत्राचार अध्ययन विभाग/कालेज में भाग–I की परीक्षा से पहले शैक्षिक वर्ष में हाज़िर रहा हो ;

अथवा

(ii) वह किन्हीं दो पहले शैक्षिक वर्षों में पत्राचार अध्ययन विभाग/कालेज में हाज़िर रहा हो बशर्तेकि वह "पुनःपरीक्षा" विनियम 9.1 और 9.2 के अंतर्गत आता हो ।

7.2 (i) भाग–II की परीक्षा वही विद्यार्थी दे सकेगा जिसने पत्राचार अध्ययन विभाग से एम.कॉम.I की परीक्षा पास की है और पत्राचार अध्ययन विभाग/कालेज में भाग–II की परीक्षा से पहले शैक्षिक वर्ष में हाज़िर रहा है।

(ii) वे परीक्षार्थी जिन्होंने संबद्ध कालेजों/यूनिवर्सिटी बिज़निस स्कूल, पं.यू. से एम.कॉम. भाग–I की परीक्षा पास की है, केवल यदि उन्होंने कुलपति

की पूर्व अनुमति से विशेष केस के तौर पर एम.कॉम. भाग–I में वार्षिक पद्धति में पढ़ाई की है।

(iii) वे परीक्षार्थी जिन्होंने पं.यू. के अतिरिक्त अन्य यूनिवर्सिटियों से एम.कॉम. भाग-1 की परीक्षा पास की है, उनको कुलपति द्वारा निर्णीत विशेष केस में न्यून विषयों को पास करने पर अनुमति दी जा सकती है।

(iv) पहले दो शैक्षिक वर्षों में पत्राचार अध्ययन विभाग/कालेज में हाज़िर रहा हो, पर शर्त यह है कि वह 'रि–अपियर विनियमों 9.3 और 9.4' के अंतर्गत आता हो और पूर्व–विद्यार्थी के तौर पर प्रत्येक वर्ष निर्धारित जारी फीस, यदि कोई हो, जमा करवा दी हो।

7.3 (i) पत्राचार अध्ययन विभाग का परीक्षार्थी जो सेशन की सभी नियत–कार्य में से कम से कम 80% का प्रस्तुत करने में असफल रहता है, वह यूनिवर्सिटी परीक्षा देने के योग्य नहीं होगा।

(ii) कालेज का विद्यार्थी जो प्रत्येक पेपर के लिए लेक्चरों, सेमिनारों, केस परिचर्चा, सिंडिकेट सेशनों, फील्ड फेरी, प्रोजेक्ट के काम इत्यादि में कम से कम 66% में हाज़िर नहीं होता, वह यूनिवर्सिटी परीक्षा देने के योग्य नहीं होगा। परन्तु 10% की न्यूनता की माफी कालेज के प्रिंसिपल द्वारा दी जा सकती है।

8.1 प्रत्येक भाग में परीक्षा में पास होने के लिए न्यूनतम अंक निम्नानुसार होंगे:

(i) यूनिवर्सिटी परीक्षा में प्रत्येक पेपर में अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में आंतरिक मूल्यांकन सहित 35%;

(ii) प्रोजेक्ट में 35%;

(iii) मौखिक परीक्षा में 35%;

(iv) उपर्युक्त (i), (ii) और (iii) के कुल जोड़ में से 50%

8.2 रियायती अंक प्रत्येक भाग की यूनिवर्सिटी परीक्षा के कुल जोड़ के 1% के हिसाब से दिए जाएंगे। परीक्षार्थी अपने लाभ हित कुल जोड़ में अथवा एक या अधिक पेपरों में रियायती अंकों का फायदा उठा सकता है। रियायती अंक केवल परीक्षा में पास होने के लिए अथवा उच्चतर श्रेणी प्राप्त करने के लिए दिए जाएंगे और वैशिष्टय सहित परीक्षा पास करने के लिए नहीं।

9.1 जो परीक्षार्थी भाग-I की परीक्षा में फेल हो जाता है परन्तु यूनिवर्सिटी परीक्षा में 50% पेपरों में अलग अलग तौर पर अर्थात संयुक्त रूप में आंतरिक मूल्यांकन सहित 35% अंक प्राप्त कर लेता है और कुल जोड़ में से 50% अंक प्राप्त कर लेता है, उसे भाग–II की अपनी पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाएगी, परन्तु उन पेपरों में जिनमें वह अप्रेल/मई की परीक्षा में फेल हो गया था, उनको उसी वर्ष की सितंबर/अक्तूबर में होने वाली अनुपूरक परीक्षा और/अथवा अगले वर्ष में अप्रेल/मई में होने वाली वार्षिक परीक्षा में रि–अपियर होना पड़ेगा।

9.2 जो परीक्षार्थी यूनिवर्सिटी की भाग–I की परीक्षा में फेल हो जाता है और आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को मिलाकर सभी पेपरों में अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में कम से कम 35% अंक प्राप्त कर लेता है, परन्तु कुल अंकों में से 50% अंक प्राप्त नहीं कर पाता, उसे उसी वर्ष सितंबर/अक्तूबर के महीने में हाने वाली अनुपूरक परीक्षा और/अथवा अगले साल अप्रेल/मई के महीने में होने वाली वार्षिक परीक्षा में कम से कम 50% पेपरों में पुनःपरीक्षा देने का विकल्प प्राप्त होगा। उसे भाग–II की पढ़ाई जारी रखने की अनुमति भी दी जाएगी।

9.3 जो परीक्षार्थी भाग–II की परीक्षा में फेल हो जाता है, परन्तु आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को मिलाकर यूनिवर्सिटी परीक्षा में कम से कम 50% पेपरों में अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में कम से कम 35% अंक और कुल अंकों में से 50% प्राप्त कर लेता है, उसे उसी वर्ष के सितंबर/अक्तूबर के महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा और/अथवा अगले वर्ष के अप्रेल/मई के महीने में होने वाली वार्षिक परीक्षा में उन पेपरों को देने की अनुमति दी जाएगी जिन पेपरों में वह अप्रेल/मई के महीने में फेल हो गया था ।

9.4 जो परीक्षार्थी भाग–II की परीक्षा में फेल हो जाता है परन्तु आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को मिलाकर सभी पेपरों में अलग अलग तौर पर और संयुक्त रूप में 35% अंक प्राप्त कर लेता है परन्तु कुल अंकों में से 50% अंक प्राप्त नहीं कर सकता, उसे उसी वर्ष सितंबर/अक्तूबर के महीने में होने वाली अनुपूरक परीक्षा और अगले वर्ष अप्रेल/मई के

महीने में होने वाली वार्षिक परीक्षा में अधिक से अधिक 50% पेपरों में पुनःपरीक्षा देने का विकल्प प्राप्त होगा ।

9.5 इन विनियमों के उद्देश्य से 5 पेपरों का 50% 2 और 7 पेपरों का 50% 3 समझा जाएगा ।

नोटः

(i) जो परीक्षार्थी लगातार तीन अवसरों में भाग-I की परीक्षा में फेल जो जाता है, उसे यह कोर्स छोड़ना पड़ेगा ।

(ii) जो परीक्षार्थी लगातार तीन अवसरों में भाग-II की परीक्षा में फेल हो जाता है और भाग-I की परीक्षा पास कर लेता है, उसे विशेष अवसर प्रदान किया जा सकता है और पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष/कालेज के प्रिंसिपल की सिफारिश कर इस कोर्स में हाज़िर होने के बिना और नियत फीस, यदि कोई हो, देने पर अगली नियमित परीक्षा में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है ।

(iii) यदि विशेष अवसर का लाभ उठाने के बाद भी कोई परीक्षार्थी फेल हो जाता है, उसे इस कोर्स को छोड़ना पड़ेगा ।

10.1(i) पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के लिए उस परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को, जिसने विनियम 7.3(i) के अनुसार नियत-कार्य प्रस्तुत कर दिया है परन्तु परीक्षा में फेल हो जाता है और नियमित विद्यार्थी के तौर पर पत्राचार अध्ययन विभाग में अपना नामांकन नहीं करवाता, अगली परीक्षा के लिए आगे ले जाया जाएगा ।

(i) कालेज के विद्यार्थियों के लिए, उस परीक्षार्थी, जो विनियम 7.3(ii) के अनुसार लेक्चरों की अपेक्षित संख्या में हाज़िर रहा हो और परीक्षा में फेल हो जाता है और नियमित विद्यार्थी के रूप में कालेज में दाखिल नहीं होता, के आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को आगे ले जाथा जाएगा ।

10.2जो विद्यार्थी विनियम 7.3(i) के अनुसार अपने नियत-कार्य को प्रस्तुत नहीं करता और वह पत्राचार अध्ययन विभाग के पूर्व-विद्यार्थी के तौर पर परीक्षा देना चाहता है, उसे केवल तब ही अनुमति दी जाएगी जब तक वह सेशन की असाइन्मेंटों को प्रस्तुत नहीं कर देता ।

11. परीक्षा समाप्त होने से जितनी जल्दी संभव हो, परीक्षा-कंट्रोलर परीक्षा में सफल रहे परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा ।

संबंधित विभागों के कंट्रोल–बोर्ड, उपयुक्त निकायों की मंजूरी के अंतर्गत, प्रश्नपत्रों के प्रश्नों की प्रकृति और शैली का निर्णय ले सकते हैं – क्या प्रश्न वस्तुनिष्ठ हों/संक्षिप्त उत्तर वाले हों/समस्या–आधारित हों/विषयनिष्ठ हों/निबन्ध–रूप हों अथवा इनको मिलाकर तैयार करने हों । एक विषय को एक से अधिक अध्यापकों को पढ़ाने की सूरत में, कंट्रोल–बोर्ड उनमें से एक को आंतरिक परीक्षक नियुक्त करेगा।

10.1 वार्षिक परीक्षा के लिए केवल बाहरी परीक्षक ही पेपर तैयार करेगा। इस मतलब के लिए कंट्रोल बोर्ड/पाठ्य समिति 3–5 या अधिक परीक्षकों का पेनल तैयार करेंगे जिनमें से किसी एक को समर्थ प्राधिकारी द्वारा पेपर तैयार करने का काम सौंपा जाएगा।

9. संबंधित विभागों के कंट्रोल–बोर्ड, उपयुक्त निकायों की मंजूरी के अंतर्गत, प्रश्नपत्रों के प्रश्नों की प्रकृति और शैली का निर्णय ले सकते हैं – क्या प्रश्न वस्तुनिष्ठ हों/संक्षिप्त उत्तर वाले हों/समस्या–आधारित हों/विषयनिष्ठ हों/निबन्ध रूप हों अथवा इनको मिलाकर तैयार करने हों ।

10.1 कंट्रोल बोर्ड शैक्षिक कार्यक्रमों के परिवीक्षण और कार्यान्वित करने के लिए पोस्टग्रेजुएट एकाडेमिक प्रोग्राम मॉनिटरिंग एण्ड एक्सिक्यूशन कमेटियाँ(PGAPMEC) नियुक्त करेगा । PGAPMEC की बनतर और कार्य निम्नानुसार होंगे:

(i) PGAPMEC में 5–7 फेकल्टी सदस्य सम्मिलित होंगे। इसका एक कन्वीनर और एक सचिव होंगे जिनको कंट्रोल–बोई नियुक्त करेगा। PGAPMEC विभागके अध्यक्ष के निकट सहयोग से कार्य करेगा।

(ii) PGAPMEC की अवधि दो वर्ष के लिए होगी। पहली दो वर्ष की अवधि के बाद, कन्वीनर समेत 3–4 सदस्य सेवानिवृत्त हो जाएंगे। कंट्रोल–बोर्ड द्वारा नए कन्वीनर और सचिव की

दो वर्ष के लिए नियुक्ति की जाएगी। एक वर्ष के पश्चात, बाकी के दो पुराने सदस्य भी सेवानिवृत्त हो जाएंगे जिनके स्थान पर दो नए सदस्य सम्मिलित किए जाएंगे ताकि पुनःपूर्ति और निरंतरता बरकरार रहे। प्रत्येक सदस्य दो वर्ष की अवधि के लिए काम करेगा।

(iii) PGAPMEC कार्यक्रम के सभी पहलुओं के सही कार्य और सत्यनिष्ठा को यकीनी बनाने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम के प्रत्येक पहलु की देखभाल कर सकती है। यह सामान्य तौर पर महीने में एक बार मिलेगी।

(iv) PGAPMEC के काम में पूरे वर्ष के लिए शैक्षिक कैलेन्डर तैयार करना, हाज़िरी का ध्यान रखना, मध्यावधि परीक्षणों और वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम बनाना, विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट निरीक्षक नियत करने, स्तर्क छानबीन के बाद अंकों का सारणीकरण, आधार-सामग्री का कंप्यूटरीकृत भंडारण, यह यकीनी बनाने के लिए नियमित परिवीक्षण कि यूनिवर्सिटी के नियमों और विनियमों का सही तरीके से अनुसरण हो रहा है और विभाग के अध्यक्ष/कंट्रोल-बोर्ड द्वारा सौंपा कोई अन्य काम सम्मिलित होंगे।

(v) प्रोजेक्ट रिर्पोटों की मूल्यांकन विधि का निर्णय कंट्रोल-बोर्ड और PGAPMEC द्वारा लिया जाएगा।

(vi) PGAPMEC द्वारा लिए सभी निर्णय कंट्रोल-बोर्ड के मंजूरी के अंतर्गत लिए जाएंगे।

10.2 पेपर-सेटरों को निर्धारित पाठ्यक्रम और पठन-कोर्सो सहित निम्नलिखित सामग्री प्रदान की जाएगी:(i) कक्षा में पढ़ाए जाने वाले सभी प्रकरणों की विस्तृत रूपरेखा और प्रत्येक प्रकरण को दी जाने वाली सापेक्ष भारिता और जिन पुस्तकों से ये प्रकरण पढ़ाए जाने हैं, समेत निर्धारित पाठ्यक्रम और पठन-कोर्स प्रदान किए जाएंगे।

10.2 विलोपित।

(ii) मॉडल प्रश्नपत्र ; और

(iii) ऐसी हिदायत/सूचना जिसे कंट्रोल-बोर्ड उचित समझे ताकि प्रश्नपत्र में समूचा पाठ्यक्रम आ जाए और इसे विद्यार्थी के विषय के ज्ञान और बोध की परख के लिए डिज़ाइन किया जा सके।

10.3 गृह परीक्षणों की पेपर-सेटिंग और मूल्यांकन की ज़िम्मेदारी संबंधित कोर्स पढ़ा रहे अध्यापक की होगी। अंकित उत्तर-पुस्तिकाओं को विद्यार्थियों को दिखाया जा सकता है।

10.3 विलोपित।

10.4 वार्षिक परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाहरी और आंतरिक परीक्षक द्वारा स्वतन्त्र तौर पर किया जाएगा। यदि अंकों में अंतर 15% तक का है, तो इन दोनों की औसत अंतिम अंक होंगे। यदि अंकों में अंतर 15% से अधिक है, तो उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीसरे परीक्षक से करवाया जाएगा। अंतिम अंक विद्यार्थी के हित में दो उत्तम अंकों की औसत होंगे।

10.4 विलोपित।

10.5 प्रेक्टिकल पेपरों की परीक्षा संबंधित विषय के कंट्रोल-बोर्ड द्वारा लिए निर्णय के अनुसार एक बाहरी परीक्षक और एक अथवा अधिक आंतरिक परीक्षकों द्वारा ली जाएगी। कंट्रोल-बोर्ड यह भी निर्णय ले सकता है कि क्या आंतरिक अंकों की कुछ प्रतिशतता प्रयोगशाला में विद्यार्थी द्वारा पूरे वर्ष में किए काम के निरंतर मूल्यांकन पर आधारित करनी है।

10.5 विलोपित।

11. उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की यूनिवर्सिटी द्वारा पुनर्मूल्यांकन के लिए समय समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार अनुमति दी जाएगी। पुनर्मूल्यांकन करना परीक्षकों की मौजूदा सूची में से नियुक्त किए जाएंगे ।

11. विलोपित।

12. उस विद्यार्थी की सूरत में जिसे एम.एस–सी.(आनर्ज़ स्कूल) डिग्री के लिए शर्तों की आंशिक पूर्ति के तौर पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाती है, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बाहरी और आंतरिक (निरीक्षक) परीक्षकों पर निर्भर करेगी। परन्तु दोनों परीक्षकों द्वारा अलग अलग तौर पर दिए अंकों का निर्णय मौखिक परीक्षा समय किया जाएगा जो परीक्षक–मंडल द्वारा ली जाएगी जिसमें बाहरी परीक्षक, आंतरिक परीक्षक(निरीक्षक)और विभाग का अध्यक्ष सम्मिलित होंगे । विभाग के अध्यक्ष के प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आंतरिक परीक्षक होने की सूरत में विभाग के प्रवरतम अध्यापक को मौखिक परीक्षा लेने के लिए शामिल किया जाएगा।

विद्यार्थी अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट सामान्तया एक वर्ष के अंत में प्रस्तुत करेगा। यदि विद्यार्थी चाहे तो निरीक्षक/विभाग के अध्यक्ष द्वारा सिफ़ारिश करने पर डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन द्वारा छः महीने की अवधि में बढ़ोतरी की अनुमति दी जा सकती है। अपवादात्मक स्थितियों में अवधि में छः महीने की और बढ़ोतरी की जा सकती है।

13. जिस परीक्षार्थी ने पंजाब यूनिवर्सिटी से वार्षिक पद्धति के अंतर्गत एम.एस.–सी.(आनर्ज़ स्कूल)

12. विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट/शोध–निबन्ध, प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर मौखिक परीक्षा की मूल्यांकन विधि और/अथवा मूल्यांकन की कोई अन्य विधि जैसे पोस्टर का प्रस्तुतीकरण कंट्रोल–बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार होगा।

13. कोई परिवर्तन नहीं।

की परीक्षा पास की है, यदि वह अपने निष्पादन में सुधार करना चाहता है, तो वह जिन कोर्स/र्सों में सुधार करना चाहता है उनमें प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा दे सकता है। इस मतलब के लिए, उसको उपर्युक्त डिग्री पास करने की तिथि से 5 वर्ष की अवधि के अन्दर दो अवसर दिए जा सकते हैं । परीक्षार्थी: को पहले उन सभी कोर्सों की सूचना देनी होगी जिनमें वह अपने निष्पादन में सुधार चाहता है। फिर वह इन कोर्स/र्सों में केवल मुख्य वार्षिक परीक्षा में ही बैठ सकेगा अर्थात पहले वर्ष और दूसरे वर्ष के लिए प्रस्तूत कोर्स(र्सों)में अप्रेल/मई की परीक्षा में। यदि वह किसी कोर्स/र्सों में अपने निष्पादन में सुधार करने में असमर्थ रहता है तो वह अगले वर्ष की केवल अप्रेल/मई की वार्षिक परीक्षा में बैठने के योग्य होगा और यह उसका दूसरा अवसर होगा।

परीक्षार्थी से सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निश्चित परीक्षा फीस वसूल की जाएगी।

14. सफल परीक्षार्थियों का श्रेणियों में वर्गीकरण निम्नानुसार किया जाएगा

(i) जो कुल अंकों में से 75% या अधिक अंक प्राप्त करते हैं

...वैशिष्टय सहित पहली श्रेणी

14. कोई परिवर्तन नहीं।

(ii) जो कुल अंकों में से 60% से अधिक परन्तु 75% से कम अंक प्राप्त करते हैं ...पहली श्रेणी

(iii) जो कुल अंकों में से 50% या अधिक परन्तु 60% से कम अंक प्राप्त करते हैं ...दूसरी श्रेणी

(iv) जो कुल अंकों में से 40% या अधिक परन्तु 50% से कम अंक प्राप्त करते हैं ...तीसरी श्रेणी

15. परीक्षार्थी को प्रत्येक वर्ष के लिए ब्योरेबार अंक प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। डिग्री में उस श्रेणी का उल्लेख किया जाएगा जिसमें परीक्षार्थी ने यह परीक्षा पास की है। आनर्ज़ स्कूल में दाखिल होने और इसको छोड़ने की तिथि को भी प्रमाणपत्र में दर्शाया जाएगा।

16. उपर्युक्त नियम में किसी भी मद्द के होने के बावजूद, COSIST विभाग अर्थात रासायणिकी, भूविज्ञान, गणित और भौतिकी, इस मामलै में उनको दी गई स्वतन्त्रता के मद्देनज़र पोस्ट-ग्रेजुएट कोर्सों में निम्नलिखित मूल्याँकन पद्धति अपना सकते हैं:

15. परीक्षार्थी को प्रत्येक वर्ष के लिए ब्योरेबार कार्ड प्रदान किए जाएंगे। ब्योरेबार अंक कार्डों में, उस प्रत्येक कोर्स के सामने तारक-चिन्ह(*) लगा दिया जाएगा जो उन्होंने पहली वार्षिक परीक्षा में पास नहीं किया।

डिग्री में उस श्रेणी का उल्लेख किया जाएगा जिसमें परीक्षार्थी ने यह परीक्षा पास की है। आनर्ज़ स्कूल में दाखिल होने और इसको छोड़ने की तिथि को भी प्रमाणपत्र में दर्शाया जाएगा।

16.उपर्युक्त नियम में किसी भी मद्द के होने के बावजूद, COSIST/C.A.S विभाग अर्थात रासायणिकी, भूविज्ञान, गणित और भौतिकी, इस मामले में उनको दी गई स्वतन्त्रता के मद्देनजर, उपयुक्त यूनिवर्सिटी निकायों द्वारा सही ढंग से अनुमोदित अपनी मूल्यांकन पद्धति अपना सकते हैं

(i) पेपर-सेटिंग और मूल्यांकन पूर्णतया आंतरिक होगा जिसे सिद्धान्त और प्रयोगशाला कोर्स पढ़ा रहे अध्यापक करेंगे।

(i) विलोपित।

(ii) नवंबर-दिसंबर में सिद्धान्त पेपरों के लिए गृह परीक्षण होगा। यह प्रत्येक पेपर में 35% अंकों का होगा। गृह परीक्षण की जिम्मेदारी उस कोर्स को पढ़ा रहे अध्यापक की होगी। अंकित उत्तर-पुस्तिकाएँ विद्यार्थियों के देखने के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी।

व्याख्याः प्रत्येक पेपर के लिए नियत 35% अंकों को 5 के निकटतम गुणज से पूर्ण किया जा सकता है।

ii) विलोपित।

(iii) अध्यापन के प्रत्येक वर्ष के बाद वार्षिक परीक्षा होगी जिसमें संबंधित विषय में प्रत्येक पेपर को 65% अंक दिए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा विस्तृत होगी और पढ़ाए गए कोर्स का समूचा भाग इसके अंतर्गत आ जाएगा। परन्तु गृह परीक्षण तक पढ़ाए कोर्स और गृह परीक्षण के बाद करवाए कोर्स को वार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्रों में 1:2 के अनुपात से भारिता दी जाएगी।

(iii) विलोपित।

(iv) वार्षिक परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की संरचना का निर्णय उस विषय के कंट्रोल-बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। वार्षिक परीक्षा के लिए पेपर-सेटिंग और मूल्यांकन आंतरिक परीक्षकों किया जाएगा। परिणाम घोषित अंकित

(iv) विलोपित।

उत्तर-पुस्तिकाओं को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध बनाया जाएगा।

(v) प्रत्येक सिद्धान्त पेपर में अंतिम अंकों का निर्धारण विद्यार्थियों द्वारा वार्षिक परीक्षा और गृह परीक्षणों में प्राप्त अंकों को मिलाकर किया जाएगा।

(v) विलोपित।

(vi) यह आशा की जाती है कि सिद्धान्त कोर्सों के अध्यापन के साथ साथ गृह नियत कार्य(असाइन्मेंटस), प्रश्नोत्तरियाँ, वस्तुनिष्ठ भांति के कक्षा परीक्षण इत्यादि भी चलते रहेंगे और इनको वर्ष में समान अंतराल के बाद रखा जाएगा। अंकों के रूप में इसको कोई भारिता नहीं दी जाएगी, परन्तु यह बात विद्यार्थियों को जचा देनी चाहिए कि यह कार्य सिद्धान्त कोर्स के अध्यापन का अनिवार्य अंग है।

(vi) विलोपित।

(vii) प्रयोगशाला कोर्सों में परीक्षा पूर्णतया आंतरिक होगी। प्रयोगशाला कोर्सों में कोई गृह परीक्षण नहीं होगा। कंट्रोल-बोर्ड यह निर्णय ले सकता है कि 50% तक के कितने अंकों की प्रतिशतता को पूरे साल में प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को काम को निरंतर मूल्यांकन पर आधारित करना है। आंतरिक मूल्यांकन का आधार होगा:

(vii) विलोपित।

(i) प्रयोग करने में विद्यार्थी का तरीका और कुशलता ;

(ii) किए गए प्रत्येक प्रयोग की मौखिक परीक्षा;

(iii) प्रयोग की लिखित रिपोर्ट, और

(iv)प्रयोगशाला में नियमित हाजिरी। प्रत्येक प्रयोग के बाद विद्यार्थी को अध्यापक के मूल्यांकन के बारे में सूचित किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा में इसके कम से कम 50% अंक होंगे।

---

28. बेचुलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फरमेशन साइंस(पत्राचार द्वारा) के लिए विनियम 5(विभिन्न निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में 2002–2003 के दाखिलों से लागू)।

5. अध्यापन का माध्यम अंग्रेज़ी होगा और प्रश्नपत्र भी अंग्रेज़ी में सेंट किए जाएंगे। परन्तु परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी, हिन्दी अथवा पंजाबी हो सकता है

29. बी.ऐड. परीक्षा के लिए विनियम 1.3, 2.1(घ), 5.1(i) और 6.1 और इसे यूनिवर्सिटी के विभिन्न निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में 2002 के दाखिलों से लागू किया जाए।

1.3 कंपार्टमेंट परीक्षार्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षा साधारणतया सितंबर के महीने में सिंडिकेट द्वारा निश्चित की गईं तिथियों पर होगी।

5.1(i) चुने गए अध्यापन के दोनों विषय वही होंगे जो ग्रेजुएट/पोस्ट–ग्रेजुएट स्तर पर लिए गए हों। परन्तु बी.कॉम/एम.कॉम के विद्यार्थी एक अध्यापन विषय को कॉमर्स के अध्यापन के तौर पर लेंगे और दूसरे अध्यापन विषय को या तो अर्थशास्त्र के अध्यापन या अंग्रेज़ी के अध्यापन अथवा हिंदी के अध्यापन/पंजाबी के अध्यापन/संस्कृत के अध्यापन के रूप में लेंगे।

6.1 प्रत्येक कालेज (i) सिद्धान्त पेपरों, (ii)ड्राइंग और स्केचिंग और (iii) बी.बी. राइटिंग और बी.बी. स्केचिंग में कम से कम दो गृह परीक्षण लेगा। विद्यार्थी को प्रत्येक गृह परीक्षा में प्रत्येक विषय में 35% अंक प्राप्त करने आवश्यक हैं अथवा कुल अंकों में से 50% अंक प्राप्त करने ज़रूरी हैं ताकि वह यूनिवर्सिटी परीक्षा में बैठ सके। कालेज का प्रिंसिपल यूनिवर्सिटी परीक्षा(बी.ऐड. सिद्धान्त) शुरू होने के कम से कम 15 दिन पहले यूनिवर्सिटी को उन विद्यार्थियों के नाम भेजेगा जो ये शर्तें पूरी नहीं करते।

30. बी.ऐड(पत्राचार) के लिए विनियम को N.C.T.E. की मंजूरी के अंतर्गत अनुकमणिका में दिए अनुसार जुलाई 2002 से शुरू किया जाए और यूनिवर्सिटी के विभिन्न निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया जाए।

1.1 पत्राचार द्वारा बेचुलर ऑफ एजुकेशन (बी.ऐॅड.) वित्त की दृष्टि से स्व–निर्भर कोर्स होगा। इसकी डिग्री के लिए कोर्स की अवधि 24 महीने होगी।

1.2 परीक्षा नियमित बी.ऐॅड कोर्स के साथ साधारणतया अप्रेल के महीने में अथवा सिंडिकेट द्वारा निश्चित तिथियों पर होगी।

1.3 अनुपूरक परीक्षा साधारणतया सितंबर के महीने में उन तिथियों पर होगी जो कंपार्टमेंट परीक्षार्थियों के लिए सिंडिकेट द्वारा निश्चित की जाएंगी।

1.4 देरी फीस के बिना/सहित परीक्षा दाखिला फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि को समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निर्धारित किया जाएगाा। विनियम 1.4 के अनुसार तिथियों की अनुसूची को सभी पत्राचार विद्यार्थियों के लिए परीक्षा–कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।

2.1 जिस व्यक्ति की निम्नलिखित योग्यताओं में से कोई एक योग्यता है, वह इस कोर्स में दाख़िला लेने के योग्य हैः

(क) इस यूनिवर्सिटी अथवा किसी अन्य मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी से कुल अंकों में से कम से कम 45% अंकों सहित बेचुलर की डिग्री, बशर्तेकि परीक्षार्थी ने पहले डिग्री स्तर पर कम से कम दो स्कूली विषय पढ़े हों।

(ख) इस यूनिवर्सिटी अथवा किसी अन्य मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी से कुल अंकों में से कम से कम 45% अंकों सहित एम.ए. अथवा एम.एस–सी. अथवा एम.कॉम. अथवा एम.एस–सी(आनर्ज़ स्कूल) डिग्री जिसमें पहले डिग्री स्तर और पोस्ट–ग्रेजुएट डिग्री स्तर पर कम से कम दो स्कूली विषय पढ़े होने चाहिएं।

(ग) आधुनिक भारतीय भाषाओं और केवल अंग्रेज़ी की परीक्षाओं के ज़रिये यूनिवर्सिटी की बी.ए. डिग्री, जिस सूरत में 45 प्रतिशत अंकों के जोड़ की गणना अंग्रेज़ी में से प्राप्त अंकों और वैकल्पिक विषयों में प्राप्त अंकों को मिलाकर की जाएगी।

(घ) उपयुक्त (क), (ख) अथवा (ग) के तुल्य मान्यताप्राप्त कोई अन्य योग्यता।

व्याख्या–(i) जिस परीक्षार्थी को इस यूनिवर्सिटी के बी.एस–सी.(आनर्ज़ स्कूल) के आधार पर बी.एस–सी. पास डिग्री प्रदान की गई है, उसे कुल अंकों में से 50% अंकों से पास हुआ समझा जाएगा।

(ii) जिस परीक्षार्थी ने बी.ए./बी.एस–सी. डिग्री प्राप्त करने के बाद अतिरिक्त विषय/विषयों को पास किया है, कुल अंकों के 45% की गणना अनिवार्य विषयों में प्राप्त अंकों और तीन वैकल्पिक अथवा अतिरिक्त वैकल्पिक विषयों में प्राप्त अंकों को मिलाकर की जाएगी।

अपवाद – आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्ग को छोड़कर अनुसूचित जातियों/जनजातियों और पिछड़ी जातियों के विद्यार्थियों की सूरत में, 45 प्रतिशत की शर्त को 5 प्रतिशत कम कर दिया जाएगा, बशर्तेकि उन्होंने विनियमों द्वारा निर्धारित न्यूनतम पास अंक प्राप्त किए हों।

2.2 अध्यापन अनुभव के लिए NCTE के प्रतिमानों का अनुसरण किया जाएगा।

3.1 जो व्यक्ति परीक्षा से पहले शैक्षिक वर्ष में बी.ऐड. पत्राचार कोर्स में दाखिल रहा हो, उसे अध्ययन केन्द्र के प्रिंसिपल द्वारा हस्ताक्षरित PCP उपस्थिति प्रमाणपत्र (NVTE के प्रतिमानों के अनुसार) पुनःप्रस्तुत करना पड़ता है और परीक्षा देने के योग्य होने के लिए इसे नोडल केन्द्र के अध्यक्ष को प्रस्तुत करना पड़ता है।

3.2 नोडल केन्द्र का अध्यक्ष प्रत्येक विषय में दो लेक्चर माफ कर सकता है।

3.3 जिस विद्यार्थी ने निर्धारित कोर्स पूरा कर लिया है परन्तु वह परीक्षा नहीं देता है अथवा परीक्षा देकर फेल हो जाता है, वह प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर अगले लगातार तीन वर्षों में परीक्षा देने के योग्य होगा।

4. परीक्षार्थी द्वारा अदा की जाने वाली परीक्षा फीस समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निश्चित की जाएगी।

5.1 परीक्षा के निम्नानुसार दो भाग होंगेः

भाग I : सिद्धान्त पेपर (पाठ्यक्रम में दी गई तफसील के अनुसार)

भाग II : प्रेक्टिकल (पाठ्यक्रम में दी गई तफ़सील के अनुसार)

5.2 प्रत्येक भाग के लिए पाठ्यक्रम समय समय पर सीनेट द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

6.1 यूनिवर्सिटी अध्ययन केन्द्रों पर मानकों में एकरूपता को यकीनी बनाने के लिए विभिन्न अध्ययन केन्द्रों में आंतरिक मूल्यांकन और किए गए प्रेक्टिकल के काम के रिकार्डों का निरीक्षण करने के लिए निरीक्षक नियुक्त करेगी।

6.2 आंतरिक मूल्यांकन के परीक्षार्थी को दिए अंकों को परीक्षार्थी की इच्छा के अनुसार आगे ले जाया जाएगा, यदि उसको विनियम 9.1 के अंतर्गत

अगली परीक्षा में किसी भाग अथवा भागों में पुनःपरीक्षा देने की अनुमति दी जाती है।

चाहे वह बाहरी परीक्षा में गैरहाज़िर भी रहता है, तो भी परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त किए आंतरिक मूल्यांकन के अंक प्रामाणिक रहेंगे।

7. परीक्षा का माध्यम निम्नानुसार होगाः

(क) भाषाओं के पेपरों को छोड़कर, जिनमें नीचे दिए अनुसार होंगे, प्रश्नपत्र हिंदी, पंजाबी और अंग्रेज़ी में तैयार किए जाएंगेः–

(i) संस्कृत के लिए : हिंदी, संस्कृत

(ii) हिंदी, पंजाबी के लिए : क्रमशः हिंदी, पंजाबी में

(ख) परीक्षार्थी अपने उत्तर लिखेंगेः

(i) अंग्रेज़ी के विषय में अंग्रेज़ी में ;

(ii) दूसरे विषयों की सूरत में अंग्रेज़ी, हिंदी, पंजाबी, संस्कृत में।

8. परीक्षा पास करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम अंक होंगेः

(i) भाग– I (सिद्धान्त पेपर) : प्रत्येक पेपर में अलग अलग तौर पर 40%

(ii) भाग– II (प्रेक्टिकल) : 40%

9.1 जो परीक्षार्थी फेल हो जाता है, उसे जिस भाग अथवा भागों में वह फेल हुआ है, उस/उन में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है। उसे प्रत्येक विषय के एक भाग के लिए सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निर्धारित फीस से लेकर प्रत्येक अवसर पर सिंडिकेट द्वारा समय समय निर्धारित अधिकतम फीस देनी होगी। यह अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अंतर्गत होगीः

(i) यदि परीक्षार्थी भाग–II के आंतरिक मूल्यांकन में फेल हो जाता है, उसे भाग– II के आंतरिक मूल्यांकन में अर्हता प्राप्त करने के लिए पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष द्वारा निर्धारित अवधि, कम से कम एक महीने के लिए, पत्राचार अध्ययन विभाग में दाखिल होना पड़ेगा। यदि वह आंतरिक मूल्यांकन में पास हो जाता है, उसे भाग– II की परीक्षा में पास हुआ समझा जाएगा।

(ii) यदि वह केवल एक पेपर अथवा भाग–I में फेल हो जाता है, उसे अनुपूरक परीक्षा और अगली वार्षिक परीक्षा में उस पेपर में पुनःपरीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्तेकि उसने फेल हुए पेपर में

20% और सभी पेपरों के कुल अंकों में से 40% अंक प्राप्त किए हों। ऐसे परीक्षार्थी को प्रत्येक अवसर पर सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निर्धारित फ़ीस अदा करनी होगी। यदि वह उस पेपर में इनमें से किसी भी परीक्षा में पास हो जाता है, उसे भाग–I की परीक्षा में पास हुआ समझा जाएगा।

9.2 (i) जो परीक्षार्थी भाग– II (प्रेक्टिकल) में पास हो जाता है परन्तु भाग–I (सिद्धान्त) में फेल हो जाता है, उसे केवल भाग–I में ही परीक्षा देनी पड़ेगी।

(ii) जो परीक्षार्थी भाग–I में पास हो जाता है और भाग–II के किसी अंग या उपांग में फेल हो जाता है, जिसका मूल्यांकन बाहरी तौर पर किया गया होता है, उसे केवल उसी अंग या उपांग में पुनःपरीक्षा देनी पड़ेगी जिसमें वह फेल हुआ है।

10.1 परीक्षा–कंट्रोलर परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह पश्चात अथवा जितनी जल्दी संभव हो, परीक्षा का परिणाम घोषित करेगा। योग्यता–क्रम सूची भाग–I (बाहरी) और भाग–II (बाहरी) में प्राप्त अंकों को मिलाकर तैयार की जाएगी।

10.2 सफल परीक्षार्थियों का वर्गीकरण भाग–I (बाहरी) और भाग–II (बाहरी) को मिलाकर प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगाः

(क) कुल अंकों में से 60% और
इससे अधिक अंक ...पहली श्रेणी

(ख) कुल अंकों में से 50% और अधिक
परन्तु 60% से कम अंक ...दूसरी श्रेणी

(ग) कुल अंकों में से 50% से कम अंक ...तीसरी श्रेणी

10.3 प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को डिग्री प्रदान की जाएगी जिसमें भाग–I (बाहरी)में प्राप्त अंकों जिसमें सिद्धान्त पेपरों से संबंधित प्रेक्टिकल काम के आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को अलग अलग तौर पर दिखाया जाएगा, और भाग–II (बाहरी) के अंकों को मिलाकर प्राप्त श्रेणी को दर्शाया जाएगा।

11.1 जिस व्यक्ति ने बेचुलर ऑफ टीचिंग/बेचुलर ऑफ एजुकेशन की डिग्री के लिए परीक्षा पहले ही पास कर ली है, वह अतिरिक्त विषय प्रस्तुत कर सकता है। उसे निर्धारित फार्म पर आवेदनपत्र देने और सिंडिकेट

द्वारा समय समय पर दाख़िला फीस जमा करवाने पर परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है।

बशर्तेकि–

(i) उसने उस विषय में पहली डिग्री/पोस्ट–ग्रेजुएट डिग्री की परीक्षा पहले ही पास कर ली हो।

(ii) अध्यापन विषयों के लिखित पेपर के अतिरिक्त, परीक्षार्थी को मान्यताप्राप्त हाई स्कूल में 30 पाठ पढ़ाने पड़ेंगे और उस द्वारा लिए अतिरिक्त विषय के अध्यापन में प्रेक्टिकल परीक्षण देना पड़ेगा।

11.2 अतिरिक्त विषय में पास होने के लिए न्यूनतम अंक 40% होंगे।

11.3 जिस व्यक्ति ने पंजाब यूनिवर्सिटी से बी.ऐॅड. की डिग्री प्रदान करने की अर्हता प्राप्त कर ली है, उसको अपने निष्पादन में सुधार के लिए प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर उस विषय/उन विषयों में पुनःपरीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है जिस/जिन में उसने बी.ऐॅड. परीक्षा में पहले परीक्षा दी थी, बशर्तेकि परीक्षार्थी ने इस समय में उपर्युक्त फेकल्टी में कोई उच्चतर कोर्स पास न किया हो।

इस मतलब के लिए उसे अपनी बी.ऐॅड. परीक्षा पास कर लेने की तिथि से लेकर केवल तीन लगातार अवसरों में परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी और उसे पुनःपरीक्षा केवल नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार ही देनी पड़ेगी।

---

31. सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, टेलिकम्यूनिकेशन एण्ड इन्फरमेशन टेक्नॉलोजी, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, बायो-टेक्नालोजी, इन्स्ट्रूमेंटेशन एण्ड कंट्रोल इंजीनियरिंग एण्ड मेटिरियल इंजीनियरिंग (यूनिवर्सिटी इन्स्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी में)में बी.ई. के लिए विनियम।

---

1. किसी भी अनुशासन में बेचुलर ऑफ इंजीनियरिंग के लिए अध्यापन कोर्स की अवधि 4 वर्ष होगी। अध्यापन काल को लगभग 8 सिमेस्टरों में विभाजित किया जाएगा – प्रत्येक सिमेस्टर लगभग 15 सप्ताह का होगा।

2. प्रत्येक सिमेस्टर में पढ़े जाने वाले विषय परीक्षा की स्कीम के अनुसार होंगे जिसमें प्रत्येक विषय में दिए जाने वाले लेक्चरों की संख्या, लिखित परीक्षा, प्रेक्टिकल परीक्षा, मौखिक परीक्षा, आंतरिक मूल्यांकन इत्यादि का उल्लेख किया जाएगा। अध्यापन और परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी होगा।

3. (क) किसी भी ब्रांच में पहले सिमेस्टर कोर्स में दाखिला, दाखिला परीक्षण द्वारा होगा। इसमें वह विद्यार्थी बैठ सकता है जिसने केन्द्रीय सेकन्ड्री शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली अथवा इसके तुल्य संस्था से भौतिकी, रासायणिकी, गणित और अंग्रेज़ी सहित इन विषयों से कुल अंकों में से कम से कम 50% से 10+2 की परीक्षा पास की हैं, बशर्तेकि अनुसूचित जातियों/जनजातियों और पिछड़ी श्रेणियों का परीक्षार्थी होने की सूरत में, जैसा कि सरकार ने आरक्षण के लाभ हित परिभाषित किया है, यह शर्त 45% अंकों की होगी, बशर्तेकि उन्होंने विनियमों द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त किए हों। विदेशीय नागरिकों/एन. आर.आइ-पुष्ट/उद्योग-पुष्ट विद्यार्थियों को दाखिला यूनिवर्सिटी द्वारा अनुमोदित प्रतिमानों के अनुसार होगा।

(ख) दाखिला परीक्षण में योग्यता-कम दाखिले के लिए केवल एक मात्र आधार होगा, जिसमें एन.आर.आइ./एन.आर.आइ.-पुष्ट/उद्योग-पुष्ट प्रवर्ग के लिए परीक्षार्थियों का दाखिला भी सम्मिलित होगा। परन्तु विदेशीय नागरिकों का मुकाबला आपस में होगा जिसका आधार SAT अंक होंगे।

4. पहले, तीसरे, पांचवें और सातवें सिमेस्टरों की परीक्षाएं प्रत्येक वर्ष नवंबर/दिसंबर के महीने में और दूसरे, चौथे, छठे और आठवें सिमेस्टर की परीक्षाएं अप्रेल/मई के महीने में अथवा सिंडिकेट द्वारा निश्चित तिथियों पर होंगी। इसके इलावा, सातवें और आठवें सिमेस्टरों के लिए प्रत्येक वर्ष साधारणतया जुलाई/अगस्त महीने में अतिरिक्त परीक्षा ली जाएगी।

5. सिमेस्टर में अध्यापन की अनुसूची में दर्शाए विषय के प्रति सप्ताह प्रत्येक घंटे के लिए कम से कम दस (लेक्चर+टयुटोरियल) प्रेक्टिकल/ड्राइंग क्लासें होंगी।

विद्यार्थी परीक्षा देने के योग्य केवल तभी होगा यदि ऊपर दर्शाए गए अनुसार सिमेस्टर में वह प्रत्येक विषय में कुल क्लासों में से कम से कम 75% में हाज़िर रहता है। हाज़िरी संस्था के निर्देशक द्वारा प्रमाणित की जाएगी।

6. जो परीक्षार्थी किसी विषय में हाज़िरी की शर्त पूरी नहीं करता, उसे उस विषय में अध्यापन कोर्स दोबारा करना पड़ेगा।

7. परीक्षार्थी को निम्नांकित में दाखिल होने की अनुमति दी जाएगीः

(i) दूसरा सिमेस्टर	बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार पहले सिमेस्टर में पढ़ाई का नियमित कोर्स पूरा कर लिया हो।
(ii) तीसरा सिमेस्टर	बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार कमिक ढंग से पहले और दूसरे सिमेस्टरों में पढ़ाई का नियमित कोर्स पूरा कर लिया है।
(iii) चौथा सिमेस्टर	बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार कमिक ढंग से पहले, दूसरे और तीसरे सिमेस्टरों में पढ़ाई का नियमित कोर्स पूरा कर लिया है।
(iv) पांचवां सिमेस्टर	बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार कमिक ढंग से पहले, दूसरे,तीसरे और चौथे सिमेस्टरों में

पढ़ाई का नियमित कोर्स पूरा कर लिया है और पहले सिमेस्टर की परीक्षा पास कर ली हो।

(v) छठा सिमेस्टर — बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार कमिक ढंग से पहले,दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें सिमेस्टरों में पढ़ाई का नियमित कोर्स पूरा कर लिया है और पहले और दूसरे सिमेस्टर की परीक्षाएं पास कर ली हों।

(vi) सातवां सिमेस्टर — बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार कमिक ढंग से पहले, दूसरे, तीसरे,चौथे,पांचवें और छठे सिमेस्टरों में पढ़ाई का कोर्स पूरा कर लिया है और पहले, दूसरे और तीसरे सिमेस्टरों की परीक्षाएँ पास कर ली हों।

(vii) आठवां सिमेस्टर — बशर्तेकि उसने विनियमों के अंतर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार कमिक ढंग से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें, छठे और सातवें सिमेस्टरों में पढ़ाई का कोर्स पूरा कर लिया है और पहले, दूसरे तीसरे और चौथे सिमेस्टरों की परीक्षाएं पास कर ली हों।

8.(क) सिमेस्टर के लिए निर्धारित नियमित पेपरों के अतिरिक्त, किसी विशेष सिमेस्टर में पहली बार परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी को निम्न सिमेस्टर/सिमेस्टरों के अधिक से अधिक 10 विषयों में परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी जिनमें से 5 से अधिक सिद्धान्त पेपर और 5 से अधिक प्रेक्टिकल पेपर नहीं होने चाहिएं।

(ख) परीक्षार्थी को बी.ई.कोर्स के सभी विषयों को पास करना होगा, जहाँ 6 शैक्षिक वर्षो की अधिकतम अवधि में न्यूनतम पास अंक निर्धारित किए गए हैं। 6 शैक्षिक वर्षो को उस शैक्षिक सेशन से गिना जाएगा जिसमें

परीक्षार्थी को बी.ई. के पहले सिमेस्टर में दाखिल किया जाता है। यदि परीक्षार्थी छः वर्ष की अवधि में परीक्षा पास नहीं करता, उसकी उम्मेदवारी अपने आप रद्द हो जाएगी। छः शैक्षिक वर्षों की इस अवधि में वही सभी काल सम्मिलित होगा जिसमें उसने अपनी पढ़ाई को जारी न रखा हो अथवा वह परीक्षा में फेल हो गया हो अथवा उसको यूनिवर्सिटी द्वारा कोई परीक्षा देने से विसर्जित कर दिया हो।

9.(क) परीक्षार्थी को विषय में पास हुआ समझा जाएगा (सिद्धान्त और अन-सिद्धान्त के पेपर) यदि उसने विषय के कुल अंकों में से कम से 40% अंक प्राप्त किए हैं (अर्थात यूनिवर्सिटी परीक्षा में प्राप्त अंक+आंतरिक मूल्यांकन)। इसके अतिरिक्त, परीक्षार्थी के लिए यूनिवर्सिटी परीक्षा में से कम से कम 40% अंक प्राप्त करना अपेक्षित होगा। आंतरिक मूल्यांकन में किसी भी पास अंक की अपेक्षा नहीं होगी, परन्तु आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को उसी तरह जोड़ दिया जाएगा।

जिन विषयों में आंतरिक मूल्यांकन निर्धारित किया गया है, परीक्षार्थी के लिए आंतरिक मूल्यांकन में कम से कम 40% अंक प्राप्त करने ज़रूरी है।

(ख) परीक्षार्थी को प्रत्येक सिमेस्टर में कुल अंकों में से कम से 50% अंक प्राप्त करने अनिवार्य हैं।

10. यदि कोई परीक्षार्थी किसी विषय में फेल हो जाता है, उसे केवल अगली परीक्षा में यूनिवर्सिटी परीक्षा में उस विषय की पुनःपरीक्षा देनी होगी। परन्तु आंतरिक मूल्यांकन में सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

11. संबंधित अध्यापक द्वारा प्रस्तुत आंतरिक मूल्यांकन की संस्था की कंट्रोल-बोर्ड द्वारा छानबीन की जाएगी जिसके पास अंकों को ठीक करने का अधिकार होगा, जिनको बाद में यूनिवर्सिटी को भेज दिया जाएगा।

12. प्रत्येक सिमेस्टर के लिए ब्योरेबार अंक-कार्ड जारी किया जाएगा। परीक्षार्थी को डिग्री के लिए निर्धारित सभी विषयों को पास करने पर बेचुलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री प्रदान की जाएगी।

13. श्रेणियाँ निम्नानुसार प्रदान की जाएंगी:

(क) जो कुल अंकों में से 70 प्रतिशत आनर्ज़ सहित पहली श्रेणी।

या अधिक अंक प्राप्त करते हैं – बशर्तेकि प्रत्येक विषय को पहली बार में ही पास किया हो(अर्थात पहली बार जब परीक्षार्थी वास्तव में यूनिवर्सिटी परीक्षा में उस विषय में बैठा हो)

(ख) जो कुल अंकों में से 60 प्रतिशत या अधिक परन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं – पहली श्रेणी

(ग) जो कुल अंकों में से 50 प्रतिशत से अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं – दूसरी श्रेणी

14. प्रत्येक सिमेस्टर की परीक्षा में अदा की जाने वाली फीस समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निर्धारित की जाएगी।

परीक्षार्थी पुनःपरीक्षा देने के लिए सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निर्धारित दाखिला फीस देगा।

---

34. मास्टर ऑफ साइंस (ह्यूमन जीनोमिक्स) (सिमेस्टर पद्धति) के लिए विनियम यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में (2000 के दाखिलों से लागू)

1.1 एम.एस–सी.(ह्यूमन जीनोमिक्स) की डिग्री के लिए परीक्षा के अध्यापन कोर्स की अवधि दो वर्ष होगी जिसमें चार सिमेस्टर होंगे।

पहले सिमेस्टर और तीसरे सिमेस्टर की अवधि जुलाई से दिसंबर तक और दूसरे और चौथे सिमेस्टर की अवधि जनवरी से मई तक होगी। प्रत्येक सिमेस्टर के लिए अध्यापन काल कम से कम 16 सप्ताह तक का होगा। इसके पश्चात सिमेस्टर के अंत में परीक्षा होगी जो प्रत्येक सिमेस्टर में कम से कम 40 लेक्चरों के बाद ली जाएगी।

1.2 जिस परीक्षार्थी ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह एम.एस–सी.(ह्यूमन जीनोमिक्स कोर्स के पहले सिमेस्टर में दाखिल होने के योग्य होगा।

पंजाब यूनिवर्सिटी अथवा पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यताप्राप्त किसी अन्य यूनिवर्सिटी/संस्था से शिक्षा के 10+2+3 पेटर्न के अंतर्गत कम से कम 55% अंकों सहित भौतिक, रासायणिक, जीववैज्ञानिक और फार्मास्यूटिकल साइंसिज़ में बेचुलर डिग्री।

1.3 दाखिले की विधि समय समय अनुसार सिंडिकेट द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार होगी।

2. परीक्षार्थी द्वारा प्रत्येक सिमेस्टर के लिए अदा की जाने वाली दाखिला फीस और कोर्स की फीस–संरचना को समय समय पर सिंडिकेट द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

3. परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी होगा ।

4.1 प्रत्येक सिद्धान्त पेपर/कोर्स के लिए एक–एक घंटे की अवधि के प्रति सप्ताह 4 लेक्चर (जिसमें ट्यूटोरियल भी शामिल होंगे) दिए जाएंगे। ट्युटोरियलों में परीक्षण–प्रश्नों और लेक्चरों से संबंधित असाइन्मेंटस इत्यादि की समस्या हल करने की चर्चा के काम में विद्यार्थियों की क्रियात्मक सहभागिता सम्मिलित होगी।

4.2 प्रत्येक कोर्स एक विशिष्ट अस्तित्व होगा और विद्यार्थी को अंतिम डिग्री प्रदान करने के लिए प्रत्येक कोर्स/पेपर का पास करना अनिवार्य होगा।

4.3 कोर्स के लिए नियत अध्यापक कोर्स का अपेक्षित मयार बरकरार रखने और विद्यार्थियों के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए ज़िम्मेदार होगा।

एक कोर्स के लिए एक से अधिक अध्यापक होने की सूरत में एक अध्यापक को इन्चार्ज मनोनीत किया जाएगा जो कोर्स के अध्यापन और मूल्यांकन में तालमेल रखेगा।

4.4 प्रयोगशाला कोर्स के लिए अध्यापकों/प्रशिक्षकों की टीम होगी जिसका एक अध्यापक इन्चार्ज होगा।

5. एम.एस–सी.(ह्यूमन जीनोमिक्स) में पाठ्यविवरण और पाठ्यक्रम को समर्थ प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

6. (i) प्रत्येक सिमेस्टर के लिए अंकों/क्रेडिटों की कुल संख्या, सिद्धान्त और प्रेक्टिकल पेपरों की संख्या, प्रत्येक पेपर के लिए नियत अंक/क्रेडिट, पढ़ाई का पाठ्यक्रम और पाठ्यविवरण समय समय अनुसार परामर्ष समिति/कंट्रोल–बोर्ड द्वारा प्रस्तावित और समर्थ प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(ii) सिद्धान्त के सभी पेपरों के लिए मूल्यांकन संपूर्ण तौर पर आंतरिक होगा। प्रयोगशाला कोर्स में दो परीक्षक होंगे, और उनमें से कम से कम एक आंतरिक होगा।

(iii) सिद्धान्त पेपर में कुल अंकों में से 25% अंक सिमेस्टर के दौरान में मूल्यांकन के लिए और 75% अंक अंतिम सिमेस्टर परीक्षा के लिए रखे जाएंगे।

(iv) सिद्धान्त पेपर में सिमेस्टर में लिए परीक्षणों की उत्तर–पुस्तिकाएं विद्यार्थियों के हस्ताक्षर लेकर उनको वापिस कर दी जाएंगी और सिमेस्टर के अंत में ली परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाएं विद्यार्थियों के देखने के लिए केन्द्र के समन्वयक/अध्यापक द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उपलब्ध होगी।

(v) विभागीय परिवीक्षण समिति जिसमें अध्यक्ष(समन्वयक)और दो अध्यापक होंगे सिमेस्टर के अंत में हुई परीक्षा के ग्रेडों/अंकों में किसी प्रकार के विवाद को रिवियू करेंगे। इस समिति का निर्णय अंतिम होगा। उत्तर–पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं होगा।

(vi) प्रयोगशाला कोर्स में, 50% अंक सिमेस्टर मध्य मूल्यांकन के लिए होंगे जो निम्नलिखित पर निर्भर होंगे:

(क) प्रयोग करते समय विद्यार्थी की कुशलता

(ख) प्रयोगों पर मौखिक परीक्षा

(ग) प्रयोगों पर लिखित रिपोर्ट, और

(घ) विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सेमिनार।

जो विद्यार्थी किसी भी कोर्स/पेपर/प्रेक्टिकल की हाज़िरी शर्तों को पूरा नहीं करता, उसको उस कोर्स/पेपर में अध्यापन के इस कोर्स को अगली परीक्षा में दोबारा देना पड़ेगा।

(vii) प्रेक्टिकल परीक्षा प्रत्येक सिमेस्टर के अंत में ली जाएगी। इसके लिए प्रयोगशाल कोर्स के बकाया 50% अंक होंगे। कोर्स का/के समन्यक/अध्यापक प्रेक्टिकल परीक्षा के लिए आंतरिक परीक्षक होंगे।

(viii) सिद्धान्त और प्रेक्टिकल में आंतरिक मूल्यांकन, केन्द्र द्वारा अंतिम सिमेस्टर परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा–कंट्रोलर को भेजे जाएंगे।

7. एम.एस–सी.(ह्यूमन जीनोमिक्स)परीक्षा का प्रत्येक परीक्षार्थी निम्नलिखित शर्तों को पूरा करेगा और विभाग के अध्यक्ष के ज़रिये निम्नलिखित प्रमाणपत्रों सहित सूचित करेगाः

(i) सदाचरण का;

(ii) परीक्षा से पहले सिमेस्टर में (ह्यूमन जीनोमिक्स) केन्द्र में हाज़िर रहने का;

(iii) प्रत्येक कोर्स में लेक्चरों और प्रेक्टिकलों की कुल संख्या में से अलग अलग तौर पर कम से कम 75% में हाज़िर रहने का। कोर्स का मतलब है सिद्धान्त अथवा प्रेक्टिकल में पेपर।

(iv) शोध–निबन्ध की सूरत में निरीक्षक से विभाग के अध्यक्ष द्वारा पृष्ठांकित प्रमाणपत्र कि परीक्षार्थी के शोध–कार्य पर वह संतुष्ट है।

परामर्श समिति/कंट्रोल–बोर्ड सिद्धान्त अथवा प्रेक्टिकल के प्रत्येक कोर्स में लेक्चरों और प्रेक्टिकलों की 10% तक की कमी को माफ कर सकता है।

8. विद्यार्थियों को परीक्षा में पास होने के लिए सिद्धान्त/प्रयोगशाला के प्रत्येक कोर्स में कम से कम 40% अंक प्राप्त करने और प्रत्येक सिमेस्टर के सभी कोर्सों (सिद्धान्त और प्रेक्टिकल) में से कम से कम 50% समूचे कुल अंक प्राप्त करने आवश्यक हैं।

सभी चार सिमेस्टर परीक्षाओं के सफल परीक्षार्थियों का श्रेणियों में वर्गीकरण निम्नानुसार होगा:

75% और अधिक, बशर्तेकि परीक्षार्थी ने सिमेस्टर-अंत की सभी परीक्षाएं पहली बार में पास की हैं	वैशिष्टय सहित पहली श्रेणी
जो कुल अंकों में से 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करते हैं	पहली श्रेणी
जो कुल अंकों में से 50% या अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं	दूसरी श्रेणी और पास

सिमेस्टर-अंत की परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह पश्चात अथवा जितनी जल्दी संभव हो, परीक्षा-कंट्रोलर सफल परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा।

9.1 यदि कोई विद्यार्थी सिद्धान्त/प्रेक्टिकल कोर्स में पास अंक प्राप्त करने के असमर्थ रहता है अथवा वह किसी सिमेस्टर में सिमेस्टर-अंत परीक्षा नहीं दे पाया, उसे उस कोर्स में पुनःपरीक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी रि-अपियर परीक्षाएँ नियमित कक्षाओं के प्रत्येक सिमेस्टर के परिणामों की घोषणा के तुरन्त बाद ली जाएंगी।

9.2 यदि कोई विद्यार्थी एक सिमेस्टर में सिमेस्टर-अंत की अथवा रि-अपियर परीक्षा में कुल केडिटों के 50% से अधिक में फेल हो जाता है, उसे अगले सिमेस्टर में कक्षोन्नत नहीं किया जाएगा और उसे उसी सिमेस्टर में दोबारा दाखिला लेना पड़ेगा।

9.3 एम.एस-सी.(ह्यूमन जीनोमिक्स)प्रोग्राम में दोबारा दाखिले की सुविधा एक वर्ष की अवधि से आगे नहीं बढ़ाई जा सकती अर्थात एम.एस-सी.(ह्यूमन जीनोमिक्स)प्रोग्राम को पूरा करने की समय सीमा इस प्रोग्राम में उसे दाखिल होने से तीन साल की है। यदि विद्यार्थी तीन वर्षों में सभी कोर्सों में पास होने में असमर्थ रहता है, उसे एम.एस-सी.प्रोगाम को छोड़ना पड़ेगा और उसी प्रोग्राम में उसे दोबारा दाखिल नहीं किया जाएगा।

10. परामर्श समिति/कंट्रोल-बोर्ड एम.एस-सी. (ह्यूमन जीनोमिक्स)प्रोग्राम के सभी पहलुओं को कार्यान्वित करने में उपयुक्त कदम उठाएगी जिसमें अध्यापन और मूल्यांकन, परीक्षाओं का संचालन, सेमिनार, प्रोजेक्ट और परिणामों की घोषणा इत्यादि की समय अनुसूची सम्मिलित होगी।

---

35. मास्टर ऑफ साइंस(पर्यावरण) के लिए विनियम यूनिवर्सिटी निकायों/भारत सरकार की मंजूरी/भारत सरकार की गज़ट में प्रकाशन की प्रत्याशा में (2002 के दाखिलों से लागू)।

1 (i) इस कोर्स के 4 सिमेस्टर होंगे(दो–वर्ष)। पहला और तीसरा सिमेस्टर जुलाई से दिसंबर तक होगा और दूसरा कमशः जनवरी से जून तक अथवा जैसा कुलपति निर्णय ले। प्रत्येक सिमेस्टर के लिए अध्यापन काल कम से कम 16 सप्ताह का होगा और इसके बाद सिमेस्टर परीक्षाओं से पूर्व अधिक से अधिक एक सप्ताह की तैयारी–छुट्टियां होंगी।

(ii) प्रत्येक सिमेस्टर के अंत में केवल उस सिमेस्टर में करवाए कोर्सों के लिए अंतिम परीक्षा होगी।

(iii) जो विद्यार्थी किसी कारणवश परीक्षा नहीं दे सकता अथवा किसी सिमेस्टर में किसी पेपर/पेपरों में फेल हो जाता है, वह अगले वर्ष के बैच के नियमित विद्यार्थियों की संबंधित परीक्षा(परीक्षाओं)के साथ परीक्षा देने के योग्य होगा। किसी भी हालत में यूनिवर्सिटी ऐसे फेल हुए विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा की व्यवस्था नहीं करेगी।

2. परीक्षा देने के योग्य होने के लिए, परीक्षार्थी को यूनिवर्सिटी के नियमों के अनुसार संबंधित पेपर/कोर्स में लेक्चरों की न्यूनतम संख्या में हाजिर होना पड़ेगा।

3. पर्यावरण साइंस में साइंस फेकल्टी की पोस्ट–ग्रेजुएट(मास्टरज़) डिग्री अर्थात एम.एस–सी.(पर्यावरण) प्रदान करने की अर्हता प्राप्त करने के लिए, परीक्षार्थी को इस कोर्स के काम को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा और कुल अंकों में कम से कम 50% और प्रत्येक कोर्स(सिद्धान्त और प्रेक्टिकल) में अलग अलग तौर पर 40% अंक प्राप्त करने होंगे।

4. कोर्स के एक क्रेडिट में सामान्यतया ट्युटोरियल/सेमिनारों सहित 4 घंटे का अध्यापन शामिल होगा। प्रोजेक्ट रिपोर्ट/शोध–निबन्ध इत्यादि के लिए दिए जाने वाले क्रेडिटों का निर्णय कंट्रोल–बोर्ड/विद्या समिति लेगी।

5. एक सिमेस्टर में विद्यार्थी का सामान्य कार्य–भार प्रत्येक पेपर में 20 क्रेडिट होगा और प्रत्येक सिमेस्टर में 4 पेपर होंगे।

6. परीक्षणों, पाठ्यकम और पाठ–कोर्सों की रूपरेखा को पहले ही बता दिया जाएगा।

7. किसी विशेष कोर्स में क्रेडिट प्रदान करने की अर्हता प्राप्त करने के लिए, परीक्षार्थी को कम से कम पास अंक तो प्राप्त करने चाहिएं। यदि परीक्षार्थी कोर्स में फेल हो जाता है अथवा परीक्षा नहीं देता, उसे इसके लिए कोई क्रेडिट नहीं मिलेगा। उसे नियमित विद्यार्थी के तौर पर अगली बार उसी कोर्स को दोबारा करना पड़ेगा जिसमें वह फेल हुआ था अथवा परीक्षा नहीं दे सका था, अथवा वह बिना क्लासों में हाज़िर हुए प्राइवेट विद्यार्थी के तौर पर परीक्षा दे सकता है बशर्तेकि वह हाज़िरी की धारा को पूरा करता हो।

8. प्रत्येक कोर्स का मूल्यांकन प्रत्येक सिमेस्टर के अंत में यूनिवर्सिटी परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। यूनिवर्सिटी परीक्षा समय समय पर समर्थ निकाय द्वारा अनुमोदित परीक्षण, पाठ्यक्रम और पाठ्य-कोर्सों की रूपरेखा के अनुसार होगी।

9. यूनिवर्सिटी प्रत्येक परीक्षार्थी की अलग अधिकृत प्रतिलिपि रखेगी जिसमें लिए गए कोर्स, प्रत्येक कोर्स का क्रेडिट मूल्य और प्राप्त अंकों का उल्लेख किया जाएगा।

10. पंजाब यूनिवर्सिटी अथवा पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा इसके तुल्य मान्यताप्राप्त किसी अन्य यूनिवर्सिटी से भूगोल में आनर्ज़ सहित साइंस/इंजीनीयरिंग स्ट्रीम अथवा किसी अन्य स्ट्रीम से ग्रेजुएट इस कोर्स में दाखिले के योग्य होगा।

11. प्रत्येक सिमेस्टर की परीक्षा वह परीक्षार्थी दे सकेगा जो पंजाब यूनिवर्सिटी कैलेन्डर के विनियम 11.1 और 11.2 में निर्धारित योग्यता की शर्तों को पूरा करता है और कंट्रोल-बोर्ड/विद्या समिति के अध्यक्ष/कन्वीनर से निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है:

(क) कि परीक्षा से पहले सिमेस्टर में वह विभाग/केन्द्र में हाज़िर रहा है।

(ख) यूनिवर्सिटी नियमों के अनुसार लेक्चरों की निर्धारित संख्या में वह हाज़िर रहा है।

12. यदि कोई लेक्चरों में न्यूनता है, उसकी माफी पर केवल उस समय प्रचलित यूनिवर्सिटी नियमों के अनुसार विचार किया जा सकता है।

13. जो विद्यार्थी किसी पेपर के लिए किसी कारणवश हाज़िरी की शर्तें पूरा नहीं करता, उसे अगली बार परीक्षा देते समय उस पेपर में अध्यापन को दोहराना पड़ेगा।

4. विद्यार्थी प्रत्येक सिमेस्टर के लिए अपना परीक्षा फार्म समय समय पर यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित परीक्षा से छः सप्ताह पहले लेट फीस के बिना और चार सप्ताह पहले लेट फीस सहित कंट्रोल–बोर्ड के अध्यक्ष/विद्या समिति के कन्वीनर के ज़रिये परीक्षा–कंट्रोलर को प्रस्तुत करेगा।

15. विद्यार्थी पहली बार या बार बार परीक्षा देने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा समय समय पर निर्धारित परीक्षा फीस की राशि अदा करेगा।

16. अध्यापन और परीक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी होगा।

17. सफल परीक्षार्थियों को कुल अंकों में से निम्नलिखित प्राप्त अंकों के आधार पर तीन कोटियों में विभाजित किया जाएगाः (क)वैशिष्टयः 75% अंकों से अधिक; (ख)पहली श्रेणीः 60% और 75% के बीच; और (ग)दूसरी श्रेणीः 50 और 60% के बीच ।

18. मूल्यांकन पद्धति में पारदर्शता बरकरार रखने के लिए, परीक्षार्थियों को उनकी संबंधित उत्तर–पुस्तिकाएं दिखाकर हस्ताक्षर लिए जा सकते हैं।

19. प्रत्येक सिमेस्टर में प्रत्येक पेपर(सेमिनार/आवधिक पेपर/प्रोजेक्ट के इलावा) के लिए, विद्यार्थी के दो पूर्व–सूचित परीक्षण लिए जाएंगे जिनमें प्रत्येक की 4% भारिता होगी और 6 अप्रत्याशित (पूर्व–सूचना के बिना)परीक्षण लिए जाएंगे जिनमें प्रत्येक की 3% भारिता होगी। 6 अप्रत्याशित परीक्षणों में से 4 सर्वोतम किए परीक्षणों को अंतिम आंतरिक/निरंतर मूल्यांकन के लिए विचाराधीन लाया जाएगा। पूर्व–सूचित और अप्रत्याशित परीक्षण के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन में प्रत्येक पेपर में कुल अधिकतम अंकों के 20% अंक सम्मिलित होंगे। प्रोजेक्टों और सेमिनार के लिए कोई आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा।

20. आंतरिक मूल्यांकन में प्राप्त अंकों को अंतिम अंक–सूची में अलग तौर पर दर्शाया जाएगा।

21. परीक्षार्थी की हाज़िरी को भी सिमेस्टर के अंत में विद्यार्थी को दी जाने वाली अंतिम अंक सूची में दर्शाया जाएगा।

22. विद्यार्थियों को सिमेस्टर के लिए परीक्षा फीस यूनिवर्सिटी द्वारा समय समय पर निर्धारित निश्चित दरों पर अदा करनी पड़ेगी।

23. आंतरिक परीक्षक प्रेक्टिकल परीक्षा लेंगे जबकि बाहरी परीक्षक सिद्धान्त पेपरों के पेपर-सॅटर और मूल्यांकनकर्ता होंगे।

24. दाखिला लिखित परीक्षण (5% भारिता) और शैक्षिक केरियर (50% भारिता जिसकी अलग अलग भारिता इस प्रकार होगी: X श्रेणी: 10% और ग्रेजुएशन: 30%) के आधार पर होगा।

25. यूनिवर्सिटी लिखित परीक्षण लेगी जिसमें वैज्ञानिक जागरूकता के इलावा विज्ञान के विभिन्न अनुशासन सम्मिलित होंगे।

26. दाखिला/प्रवेश परीक्षण के लिए फीस युनिवर्सिटी के समय समय पर किए फैसले के अनुसार वसूल की जाएगी।

27. विद्यार्थी के अधिकतम प्रवेश का निर्णय युनिवर्सिटी द्वारा समय समय पर लिए फैसले के अनुसार होगा।

चंडीगढ़

दिनांक 19.6.2004

(एच. सी. मल्होत्रा)

संयुक्त रजिस्ट्रार

मेरी उपस्थिति में आज 19.6.2004 को पंजाब यूनिवर्सिटी की सामान्य मुहर द्वारा मुहरबंद।

(परमजीत सिंह)

रजिस्ट्रार

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

अधिसूचना संख्या 7-2004 जी.आर.

भारत सरकार, नई दिल्ली के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा विभाग ने अपने पत्रांक एफ. 2-6/2000-डेस्क (यू-I) के द्वारा निम्नलिखित विनियमों को अनुमोदित कर दिया है:-

1. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली खंड-I, 1994 ई. के अध्याय-II (ए) 'वित्त' के पृष्ठ 43 पर दिया गया विनियम 1.1.

1.1. वित्त-मंडल (बोर्ड ऑफ फाइनेंस) का प्रावधान है, जिसका प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी तक गठन कर दिया जाएगा। इसका कार्यकाल 1 फरवरी से आगामी वर्ष की 31 जनवरी तक रहेगा। इसका गठन इनसे होगा:-

(i) से (iv) XXX XXX XXX

(v) दो नामित व्यक्ति होंगे- इनमें से एक पंजाब सरकार तथा दूसरा चंडीगढ़ प्रशासन से होगा; तथा

XXX XXX XXX

2. पंजाब यूनिवर्सिटी की विनियमावली, खंड-I, 1994 ई. अध्याय-II (vi) 'अध्ययन मंडल' से संबंधित पृष्ठ 65 पर दिया गया विनियम

4. निम्नलिखित विषयों में 'अध्ययन-मंडल' (बोर्ड्स ऑफ स्टडीज़) तथा उनके संयोजक सिंडीकेट के द्वारा नामित किए जाएंगे:

(i) से (XLIV) XXX XXX XXX

(XLV) कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग का स्नातकीय अध्ययन-मंडल

(XLVI) कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग का स्नातकोत्तर अध्ययन-मंडल

3. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, भाग II , 1995 ई. के पृष्ठ 262 पर दिए गए मास्टर ऑफ आर्ट्स (शारीरिक शिक्षा) से संबंधित विनियम 2.1.

2.1 एम.पी.एड. भाग I में ऐसा व्यक्ति प्रवेश ले सकेगा, जिसके पास निम्नलिखित योग्यताएं हों :

(i) पंजाब विश्वविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातक उपाधि या पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा इसके समकक्ष स्वीकृत कोई अन्य उपाधि, जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत प्राप्तांक हों

(ii) हटा दिया गया तथा

(iii) हटा दिया गया

(iv) पंजाब विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए हों, बशर्ते अभ्यर्थी एक श्रेष्ठ खिलाड़ी हो तथा उसने अंतर-विश्वविद्यालयीय (क्षेत्रीय तथा अंतर क्षेत्रीय) अथवा अंतर-प्रान्तीय अथवा राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लिया हो, जैसा कि ए.आई.यू. की विनियमावली/अंतर-राष्ट्रीय स्पर्धाओं के प्रावधान के अनुरूप हो/भारत सरकार के द्वारा अनुमोदित हो

(v) हटा दिया गया

4. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली खंड II , 1995 ई. के पृष्ठ 387-394 तथा 423-431 पर संदर्भतः दिए गए, आयुर्विज्ञान के संकाय में स्नातकोत्तर उपाधि तथा डिप्लोमा से संबंधित विनियम

4.1 परीक्षाओं में निम्नलिखित विषय-समूह होंगे:

समूह-ए (चिकित्सापरक विषय)

1. सामान्य ओषधि
2. क्षय तथा श्वास-परक रोग
3. आब्सटेट्रिक्स तथा प्रसूतिविज्ञान
4. पेडियाट्रिक्स
5. रेडियो-डायग्नॉसिस
6. समुदाय-ओषधि
7. सायकियाट्री
8. डर्मेटोलोजी, वेनेरेलोजी तथा कुष्ठ
9. एनेस्थेसियोलोजी
10. शारीरिक ओषधि तथा रिहेबिलिटेशन

समूह बी (प्राथमिक विषय)

1. फिज़ियोलोजी
2. फार्माकोलोजी
3. पेथोलोजी
4. मायक्रोबॉयोलोजी
5. बॉयोकेमेस्ट्री
6. बॉयोफिज़िक्स

4.2 परीक्षा के लिए निम्नलिखित विषय-समूह निर्धारित हैं:

समूह-ए (चिकित्सापरक विषय)

1. सामान्य शल्य-चिकित्सा
2. ओफथलमोलोजी
3. ई.एन.टी.
4. आर्थोपेडीक्स

समूह-बी (गैर-चिकित्सापरक विषय)

1. एनॉटॉमी

डिप्लोमा (I) लैरिंगोलोजी ऐंड ओटोलोजी (डी.एल.ओ.)

(II) ऑफथलमोलोजी (डी.ओ.)

(III) मेडिकल रेडियो डायग्नॉसिस (डी.एम.-आर.डी.)

(IV) मेडिकल रेडियोथिरैपी (डी.एम.आर.डी.)

1. डिप्लोमा इन लैरिंगोलोजी ऐंड ओटोलोजी (डी.एल.ओ.)
2. डिप्लोमा इन ऑफथमोलोजी (डी.ओ.)
3. डिप्लोमा इन मेडिसिन रेडियो डायग्नॉसिस (डी.एम.आर.डी.)
4. डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोथिरैपी (डी.एम.आर.टी.)

एम.सी.-एच. (प्लास्टिक सर्जरी)

5. भारत सरकार के अनुमोदन/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में एम.एस-सी. (एनॉटामी) का विनियम, जो 1998 ई. के प्रवेशों में प्रभावी होगा

1. मास्टर ऑफ साइंस (एनॉटॉमी) के पाठ्यक्रम की अवधि दो अकादमिक वर्षों की होगी। प्रत्येक वर्ष दो खंडों में विभाजित रहेगा। प्रथम भाग (द्वितीय समस्तर) की परीक्षा तथा द्वितीय भाग (चतुर्थ समस्तर) की परीक्षा सामान्यत: मई/जून के मास में होगी।

2. प्रवेश के फार्म तथा शुल्क स्वीकार किए जाने की अंतिम तिथि का निर्धारण सिंडीकेट और उसकी घोषणा परीक्षा-नियंत्रक करेगा।

3. पूरक-परीक्षा नवम्बर/दिसम्बर के महीने में ली जाएगी।

4. वही अभ्यर्थी भाग-I की परीक्षा दे सकेगा, जो विभागाध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा:

अभ्यर्थी कम से कम उपस्थित रहा है-

(अ) इस पूरे पाठ्यवृत्त में प्रत्येक प्रश्नपत्र में दिए गए व्याख्यानों (जिनकी गणना परीक्षा प्रारम्भ होने से एक महीने पूर्व की तिथि से होगी) में 80 प्रतिशत।

(आ) पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रत्येक प्रायोगिक कक्षा में कम से कम 80 प्रतिशत।

5. परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी भाषा होगी। परीक्षा संबंधित संकाय के द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी।

6. आन्तरिक मूल्यांकन के लिए 10 प्रतिशत अंक निर्धारित रहेंगे, जिनमें से 50 प्रतिशत अंक सैद्धांतिक परीक्षा तथा 50 प्रतिशत अंक प्रायोगिक परीक्षा के लिए दोनों भाग I तथा भाग II की परीक्षाओं के लिए निर्धारित रहेंगे।

7.1 शोध प्रबंध के स्थान पर अभ्यर्थी अपना प्रकाशित शोधपत्र/ शोधपत्रों को प्रस्तुत कर सकता है।

यदि किसी अभ्यर्थी ने एम.एस-सी./पी-एच.डी. नृतत्त्वशास्त्र/जीवविज्ञान/ मानव प्राणिविज्ञान की परीक्षा को उत्तीर्ण करते समय पूर्वत: शोध प्रबंध लिख रखा है, तो उसको शोधप्रबंध को पुन: लिखने से मुक्त माना जाएगा।

7.2 शोध प्रबंध/प्रकाशित शोध-पत्र (पत्रों) का मूल्यांकन स्वीकृत या अस्वीकृत के रूप में होगा। इसमें अंक नहीं दिए जाएंगे।

8. भाग I तथा भाग II में न्यूनतम उत्तीर्णांक 50 प्रतिशत होंगे। भाग II की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए शोध प्रबंध/शोध-पत्र (पत्रों) की स्वीकृति की अनिवार्यता होगी।

9. भाग II की परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी को पुन: शोधप्रबंध की परीक्षणार्थ प्रस्तुति की आवश्यकता नहीं होगी।

10. निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा करने के उपरान्त यदि कोई अभ्यर्थी भाग I या भाग II में अनुत्तीर्ण रह जाता है या परीक्षा नहीं दे पाता है, तो उसे विश्वविद्यालय में पुन: उस पाठ्यक्रम को पूरा करना होगा, उसके उपरान्त ही उसे पूरक परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी। वह व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा नहीं दे सकेगा। यदि कोई विद्यार्थी भाग I में प्रवेश लेने के तीन साल के अन्दर इस परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो वह एम.एस.-सी. (एनॉटॉमी) का पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर सकेगा।

11. परीक्षा के उपरान्त परीक्षा-नियंत्रक यथासंभव शीघ्र से शीघ्र परीक्षा-परिणाम की घोषणा कर देगा।

12. जो विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किये जाएंगे, उनका वर्गीकरण इस रूप में होगा:

(क) भाग I तथा भाग II के कुल अंकों में से 75 प्रतिशत या इससे अधिक प्राप्त करने वाले	: प्रथम श्रेणी आनर्स के साथ
(ख) 60 प्रतिशत से अधिक किंतु 75 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले	: प्रथम श्रेणी
(ग) 50 प्रतिशत अधिक किंतु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले	: द्वितीय श्रेणी

13. भाग I की परीक्षा देने की अनुमति उसी विद्यार्थी को होगी, जो विभागाध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा:

(अ) कि इस विद्यार्थी ने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की बी-एस.सी. (एनॉटॉमी, फिज़ियोलोजी तथा बॉयोकेमिस्ट्री) की परीक्षा 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ (या उसके समकक्ष की कोई अन्य परीक्षा, जो विश्वविद्यालय के द्वारा मान्यता प्राप्त हो) या एम.एस-सी. परीक्षा फ़िज़िकल एंथ्रोपोलोजी/जीव विज्ञान/मानव प्राणिविज्ञान विषय में कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण कर ली है और यह विश्वविद्यालय के द्वारा मान्यता प्राप्त है।

(आ) कि (क) यह विद्यार्थी इस प्राठ्यक्रम में प्रत्येक प्रश्नपत्र में दिए गए कुल व्याख्यानों में से कम से कम 80 प्रतिशत व्याख्यानों में उपस्थित रहा है (व्याख्यानों की गणना परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि से एक महीने पूर्व की तिथि से होगी) : तथा (ख) पाठ्यवृत्त में निर्धारित प्रायोगिक कक्षाओं में से प्रत्येक कक्षा में कम से कम 80 प्रतिशत इसकी उपस्थिति रही है।

